वर्ष-10, अंक- 08, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , गुरुवार 07 मार्च, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती ने मिलाया केसीआर से हाथ बसपा और बीआरएस मिलकर लड़ेंगे संसदीय चुनाव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस-समाजवादी पार्टी (सपा) से समान दूरी बनाकर चल रहीं



मायावती ने तेलंगाना में पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से हाथ मिला लिया है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस-समाजवादी पार्टी (सपा) से समान दूरी बनाकर चल रहीं मायावती ने तेलंगाना में पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से हाथ मिला लिया है। हैदराबाद में मंगलवार को केसीआर की उपस्थिति में बीआरएस ने बसपा के साथ गठबंधन की औपचारिकता पूरी की। इसके बाद केसीआर ने प्रवीण कुमार के साथ एक प्रेस कान्फ्रेंस भी किया। हैदराबाद में मंगलवार को केसीआर की उपस्थिति में बीआरएस ने बसपा के साथ गठबंधन की औपचारिकता पूरी की। इसके बाद केसीआर ने प्रवीण कुमार के साथ एक प्रेस कान्फ्रेंस भी किया। केसीआर ने कहा कि बसपा और बीआरएस मिलकर संसदीय चुनाव लड़ेंगे। बुधवार को मायावती से बात कर दोनों दल सीटों के बंटवारे पर सहमति भी बना लेंगे। तीन महीने पहले हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव में केसीआर राज्य की सत्ता से बाहर हो गए थे। लोकसभा चुनाव के लिए उन्हें एक सहयोगी दल की तलाश थी।

## आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में नवविवाहित जोड़े समेत पांच लोगों की मौत, खड़े ट्रक से टकराई कार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नल्लागाटला (आंध्र प्रदेश)।** नंदयाला जिले में बुधवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। जिस कार से वे यात्रा कर रहे थे, वह एक खड़े ट्रक से टकरा गई। नंदयाला जिले में बुधवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार जिस कार से वे यात्रा कर रहे थे वह एक खड़े ट्रक से टकरा गई। इस जोड़े की शादी 29 फरवरी को हुई थी और परिवार सिकंदराबाद के अलवाल इलाके का रहने वाला था। दनंदयाला जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रघुवीरा रेड्डी ने कहा कि परिवार तिरूपति के एक मंदिर के दर्शन से लौट रहा था और बुधवार सुबह 5.15 बजे नल्लागाटला गांव में यह दुर्घटना हुई। रेड्डी ने पीटीआई-भाषा को बताया, एक ट्रक चालक ने प्रकृति की पुकार का जवाब देने के लिए अपने वाहन को रोका और जैसे ही वह उतरा, एक हैचबैक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पांच लोगों की तत्काल मौत हो गई। इस जोड़े की शादी 29 फरवरी को हुई थी और परिवार सिकंदराबाद के अलवाल इलाके का रहने वाला था। दुर्घटना के बाद, पुलिस ने पीड़ितों में से एक के मोबाइल फोन से उनके रिश्तेदारों को सूचित करने के लिए कॉल किया और शवों को स्थानीय अस्पताल में भेज दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में है जबकि अन्य प्रक्रियाएं चल रही हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 7 मार्च, 2024 को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऐतिहासिक दीक्षांत समारोह का करेंगी उद्‌घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय 7 मार्च, 2024 को इतिहास रचने के लिए तैयार है, क्योंकि यह अपने उद्‌घाटन दीक्षांत समारोह की मेजबानी करेगा। यह



महत्वपूर्ण कार्यक्रम अपने स्नातक छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाएगा और विश्वविद्यालय की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।समारोह के दौरान डॉक्टरेट सहित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व करने वाले 3000 से अधिक छात्रों को उनकी डिग्री प्रदान की जाएगी, जिससे यह केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा दीक्षांत समारोह बन जाएगा। दीक्षांत समारोह शैक्षणिक यात्रा और उपलब्धियों का उत्सव है। इसकी समृद्ध विरासत का लाभ उठाते हुए भारत के विकास एजेंडे में संस्कृत को एकीकृत करने के लिए अग्रणी कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। पीएचडी स्नातकोत्तर और स्नातक सहित शैक्षणिक स्तरों पर 14133 छात्रों को डिग्री मिलेगी। इस वर्ष प्रदान की गई 105 स्वर्ण पदकों और 636 पीएचडी डिग्रियों के साथ उनकी उपलब्धियाँ उनकी विविध प्रतिभाओं को उजागर करती हैं। दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## पीएम मोद की फिर बढ़ी लोकप्रियता, 75 प्रतिशत हुई अप्रूवल रेटिंग; 2023 की तुलना में 10 फीसदी हुआ इजाफा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्हें 75 रेटिंग मिली थी। इस बार उनकी अप्रूवल रेटिंग में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दिसंबर 2022 से पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग में



प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग मिली है। अप्रूवल रेटिंग सर्वे करने वाली एजेंसी इप्सोस इंडियाबस के अनुसार, पीएम मोदी ने फरवरी 2024 में 75 प्रतिशत की अप्रूवप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इप्सोस इंडिया के कंट्री सर्विस लाइन लीडर पारिजात चक्रवर्ती ने सर्वे के नतीजों पर कहा कि पीएम मोदी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्‌घाटन से अच्छा खासा फायदा हुआ है। इससे उनकी रेटिंग अच्छी हो गई। इस बार उनकी अप्रूवल रेटिंग में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इससे पहले सितंबर 2023 में जारी आंकड़ों में पीएम मोदी को 65 प्रतिशत की इजाफा हुआ है। दिसंबर 2022 में पीएम की रेटिंग 60 प्रतिशत थी। फरवरी 2023 को पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग 67 प्रतिशत हुई। सितंबर 2023 में उनकी रेटिंग में दो प्रतिशत की कमी आई और 65 प्रतिशत रेटिंग मिली। अब फरवरी 2024 में मोदी की रेटिंग फिर बढ़ गई है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में मंदिर का निर्माण, अंतरिक्ष में पहल, भारत में जी20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना, प्रमुख वैश्विक देशों के साथ भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर का समझौता समेत कई मुद्दों ने प्रधानमंत्री की अप्रूवल रेटिंग को बेहतर बनाने में योगदान दिया।

## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, मुख्य क्षेत्रों में बाघ सफारी पर लगाया बैन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघ सफारी पर बैन लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार में अवैध निर्माण, पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री रावत, पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि



को उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघ सफारी पर बैन लगा दिया है। एण् ने कॉर्बेट में अवैध निर्माण पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री रावत पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि नौकरशाहों राजनेताओं ने सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत को कचरे में फेंक दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह साफ है कि राष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण योजना संरक्षित इलाकों से परे वन्यजीव संरक्षण की जरूरत को पहचानती है। आदेश के बाद, अब केवल जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के परिधीय और बफर जोन में बाघ सफारी की छूट दी जाएगी। ने कॉर्बेट नौकरशाहों, राजनेताओं ने सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत को कचरे में फेंक दिया है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में टाइगर सफारी योजना पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वकील गौरव कुमार बंसल का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को अपने द्वारा की गई जांच पर एक अंतरिम रिपोर्ट प्रदान करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, ने यह भी निर्देश दिया है कि सफारी बफर एरिया में हो सकती है या नहीं। फिर एण् का कहना है कि जहां तक टाइगर रिजर्व में सफारी के कॉन्सेप्ट का सवाल है तो एण् की गठित कमेटी इस पर गौर करेगी और वही शर्तें लगाएगी।

## एनआईए की 7 राज्यों में 17 जगहों पर छापेमारी, बेंगलुरू जेल के कैदियों से जुड़ा है मामला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बेंगलुरु जेल कट्टरपंथीकरण मामले के सिलसिले में मंगलवार को सात राज्यों में कई छापे मारे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बेंगलुरु जेल कट्टरपंथीकरण मामले के की तस्करी का आरोप था, को केरल के कन्नूर के टी नसीर ने कट्टरपंथी बना दिया था। कथित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का आतंकवादी और 2008 के बेंगलुरु सिलसिलेवार विस्फोटों का आरोपी नसीर 2013 से केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट



सिलसिले में मंगलवार को सात राज्यों में कई छापे मारे। हथियारों और गोला-बारूद की जब्ती के एक मामले की जांच करते हुए कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु के परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। आतंकी एंगल सामने आने पर अक्टूबर 2023 में मामला एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया। हथियारों और गोला-बारूद की जब्ती के एक मामले की जांच करते हुए, कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु के परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। यह पता चला कि जेल के एक कैदी, जिसकी पहचान जुनैद के रूप में हुई है, जिस पर हत्या और लाल चंदन रहा है।आतंकी एंगल सामने आने पर अक्टूबर 2023 में मामला एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया एनआईए की जांच से पता चला कि नसीर कई विस्फोट मामलों में शामिल था और उसने 2017 में बेंगलुरु जेल में बंद रहने के दौरान अन्य आरोपियों को कट्टरपंथी बनाया था नसीर उन सभी को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें लश्कर में भर्ती करने की क्षमता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद अपने बैरक में स्थानांतरित करने में कामयाब रहा था। जमानत पर छूटने के बाद जुनैद ने पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल को तैयार किया।एनआईए का कहना है ।

## भारत-फ्रांस ने अंतरिक्ष क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग क्षमता निर्माण पर किया मंथन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित दूसरी भारत-फ्रांस रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता में दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में चल रहे मजबूत द्विपक्षीय जुड़ाव और सरकारी क्षेत्र व वाणिज्यिक क्षेत्र में आगे के सहयोग के रास्ते पर चर्चा की। इस दौरान पहली रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता के बाद हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई। दिल्ली में आयोजित दूसरी भारत-फ्रांस रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता में दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में चल रहे मजबूत द्विपक्षीय जुड़ाव और सरकारी क्षेत्र व वाणिज्यिक क्षेत्र में आगे के सहयोग के रास्ते पर चर्चा की। इस दौरान पहली रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता के बाद हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई। अंतरिक्ष वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत की ओर से विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने की। अंतरिक्ष वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत की ओर से विदेश सचिव विनय क्वात्रा और फ्रांस की ओर से यूरोप-विदेश मामलों के मंत्रालय की महासचिव एनी मैरी डेस्कोट्स ने की। इस दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा अंतरिक्ष सहयोग, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण और अंतरिक्ष आदान-प्रदान और रक्षा अंतरिक्ष औद्योगिक सहयोग पर हाल ही में हस्ताक्षरित आशय पत्र के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की।

## टीएमसी के प्रत्येक कार्यालय में हैं शाहजहां जैसे लोग', शहजाद पूनावाला ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा बंगाल पुलिस को संदेशखाली



कांड के मुख्य आरोपित निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिए जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि शाहजहां जैसे लोग तृणमूल कांग्रेस के हर कार्यालय में हैं पूनावाला ने मंगलवार को कहा, कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा शाहजहां के मामले को बंगाल पुलिस से सीबीआई को स्थानांतरित करने पर केवल एक ही प्रतिक्रिया है। सत्यमेव जयते... लेकिन सवाल यह है कि तृणमूल के हर कार्यालय में शाहजहां है जिन्हें तृणमूल द्वारा बचाया जा रहा है पुलिस हिरासत में रहने के दौरान विक्ट्री साइन दिखाते शेख शाहजहां की तस्वीर दिखाते हुए पूनावाला ने कहा, यह तस्वीर शाहजहां की मानसिकता को दर्शाती है ईडी ने शाहजहां शेख की 12.78 करोड़ रुपयेकी संपत्ति मनी लांड्रिंग के तहत प्रावधानिक तौर पर कुर्क की है। इनमें कोलकाता, संदेशखाली?व ग्राम सरबेरिया में स्थित अपार्टमेंट, कृषि भूमि, मत्स्य पालन केंद्र, भूमि व भवन जैसी 14 अचलसंपत्ति शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को झटका संदेशखाली मामले में तुरंत सुनवाई से इनकार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** ममता सरकार को आज खटखटाया थालेकिन कोर्ट ने इस मामले पर तुरंत सुनवाई करने से मे पश्चिम बंगाल सरकार ने की जल्द सुनवाई की मांग की थी ममता



सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा। संदेशखाली और शेख शाहजहां मामले में सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा ठकठकाया था,लेकिन कोर्ट ने इस मामले पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया। संदेशखाली और शेख शाहजहां मामले में सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा इनकार कर दिया। ममता सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। बता दें कि मंगलवार (5 मार्च) को कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए थे। ममता सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सुनवाई कब हो, ये ण्व्प् तय करेंगे। शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपे जाने के हाईकोर्ट खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। बता दें कि मंगलवार (5 मार्च) को कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी टीम पर हमले की जांच को सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए थे।दरअसल, ममता सरकार का कहना है कि एसआईटी इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सीबीआई को मामला सौंपना बिल्कुल गलत है।

## पानी के नीचे भरेगी रफ्तार, जानिए क्या-क्या होगा देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो में खास

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** देश में पहले अंडरवाटर मेट्रो की शुरुआत होने वाली है। मेट्रो टनल (सुरंग) कोलकाता की हुगली नदी के नीचे बनाई गई है। यह टनल 520 मीटर लंबी है। अंडरवाटर मेट्रो, हुगली नदी के तल से 32 मीटर नीचे चलेगी। यह मेट्रो हावड़ा को कोलकाता शहर से जोड़ेगी।देश में पहली अंडरवाटर मेट्रो की शुरुआत होने वाली है।



कोलकाता मेट्रो हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड टनल भारत में किसी भी नदी के नीचे बनाए जाने वाली पहली परिवहन सुरंग है। हावड़ा मेट्रो स्टेशन भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। ये मेट्रो हावड़ा और कोलकाता को जोड़ेगी। अंडरवाटर मेट्रो टनल हुगली नदी के तल से 32 मीटर नीचे चलेगी। यह मेट्र टनल ईंजीनियरिंग का एक शानदार नमूना है। 4.8 किलोमीटर लंबी हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड मेट्रो खंड देश की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना हैं, जिसमें हुगली के नीचे दो टनल तैयार की गई है। नदी के नीचे से मेट्रो दौड़ेगी। परिचालन शुरू होने के बाद हावड़ा देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन भी बन जाएगा। हुगली नदी के अंदर की 520 मीटर दूरी को मेट्रो ट्रेन महज 45 सेकंड में पूरी कर लेगी। इस मेट्रो में ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन सिस्टम लगा है यानी मोटरमैन के बटन दबाते ही ट्रेन अपने आप अगले स्टेशन के लिए मूव करेगी। अधिकतम रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटे की होगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन को कोच (रेक) में बेहतर ग्रैब हैंडल और हैंडल लूप के साथ-साथ एंटी-स्किड फर्श और अग्निशामक यंत्र भी इसमें रहेंगे। आपातकालीन स्थिति में यात्री टाक टू ड्राइवर यूनिट के माध्यम से मोटरमैन के साथ बातचीत भी कर सकेंगे। प्रत्येक कोच की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी रहेंगे। प्रत्येक कोच में हाई क्लास सुविधाएं होंगी। हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक जाने में छह मिनट का समय लगेगा। कुल 16 किमी के मार्ग में 10.8 किमी जमीन के भीतर से है। इसमें नदी का नीचे का हिस्सा भी शामिल है। पानी के भीतर से गुजरने वाली मेट्रो गंगा की सहायक नदी हुगली के नीचे तलहटी से 13 मीटर नीचे से गुजरेगी। दोनों टनल समानांतर बनाए गए हैं। इस मेट्रो में वर्ष 2035 तक 10 लाख यात्री सफर करेंगे।

## 2023 की तुलना में इस साल मौसम में होगा सुधार, औसत से अधिक रहेगा तापमान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इस साल मार्च और मई के बीच तापमान औसत से अधिक रहेगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार



को कहा कि वर्ष 2023-24 की अल नीनो अब तक के पांच सर्वाधिक प्रचंड अल नीनो में से एक होने का रिकार्ड कायम किया है। अल नीनो के कमजोर रुख के बावजूद आने वाले महीनों में वैश्विक जलवायु को प्रभावित करना जारी रखेगी। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा कि मौजूदा अल नीनो की दशा दुनियाभर में रिकार्ड तापमान और मौसम से जुड़ी घटनाओं को बढ़ावा देगी। यूरोपीय संघ की कापरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार वैश्विक औसत तापमान जनवरी में पहली बार पूरे वर्ष के लिए 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर गया। इसबार अल नीनो के कमजोर रुख के बावजूद वैश्विक जलवायु को प्रभावित करेगी। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा कि मौजूदा अल नीनो की दशा दुनियाभर में रिकार्ड तापमान और मौसम से जुड़ी घटनाओं को बढ़ावा देगी। यूरोपीय संघ की कापरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार, वैश्विक औसत तापमान जनवरी में पहली बार पूरे वर्ष के लिए 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर गया।हालांकि, पेरिस समझौते में 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार करना तापमान बढ़ोतरी को संदर्भित करता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा कि मार्च-मई के दौरान अल नीनो के बने रहने की लगभग 60 प्रतिशत संभावना है। अप्रैल से जून के दौरान तटस्थ स्थितियों (न तो अल नीनो और न ही ला नीना) की 80 प्रतिशत संभावना है। इसमें कहा गया है कि साल के अंत में ला नीना विकसित होने की संभावना है लेकिन ये संभावनाएं फिलहाल अनिश्चित हैं।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com –E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

# यूपी एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल पति-पत्नी को किया गिरफ्तार, 2019 में दर्ज हुआ था केस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**कुशीनगर का रहने वाला है जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।यूपी एटीएस ने प्रयागराज से नक्सली गतिविधियों में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, दोनों रिश्ते में पति-पत्नी हैं। दरअसल थाना एटीएस लखनऊ में साल 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें सभी आरोपियों पर देशभर में हो रही नक्सली वारदातों में शामिल होने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्तों मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। इसके बाद साल 2023 में दो और आरोपियों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।यूपी एटीएस ने नक्सली घटनाओं में शामिल और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने के आरोप में बिंदा सोना और कृपाशंकर सिंह को गिरफ्तार किया है। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का रहने वाला है जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।



# संगम नगरी में १५ लाख युवा मतदाता ही भाग्यविधाता

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** जनपद में इलाहाबाद, फूलपुर और भदोही (आंशिक) लोकसभा क्षेत्र में इस बार युवा मतदाता ही भाग्य विधाता होंगे। युवा जोश ही माथे पर विजयश्री का टीका लगाएगा। जिले में कुल 46 लाख 64 हजार 519 मतदाता हैं जिनमें लगभग 14 लाख 97 हजार मतदाता युवा हैं।फूलपुर संसदीय क्षेत्र के शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में चार लाख 60 हजार 205 मतदाता हैं जबकि सबसे कम इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के मेजा विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 30 हजार 981 वोटर हैं। इलाहाबाद के करछना में तीन लाख 63 हजार 15 शहर दक्षिणी में चार लाख 14 हजार 152 बारा में तीन लाख 41 हजार 140 कोरांव विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 58 हजार 598 मतदाता हैं।माना जाता है मतदान में युवा मतदाता बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।



# नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ चुनाव की प्रक्रिया शुरू, मतदाता सूची पर उठे सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए 20 फरवरी को अंतरिम मतदाता सूची जारी कर 26 फरवरी तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। जिसके बाद 28 फरवरी को जारी हुई अंतिम मतदाता सूची में भी तमाम खामियां उजागर हुई थी।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ मंगलवार से चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। उधर, मतदाता सूची से बाहर किए गए वकीलों के एक खेमे ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका दाखिल की है। याची वकीलों की ओर से त्वरित सुनवाई की गुजारिश की मुख्य न्यायधीश ने स्वीकार करते हुए बुधवार को सुबह 10 सुनवाई नियत की है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए 20 फरवरी को अंतरिम मतदाता सूची जारी कर 26 फरवरी तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। जिसके बाद 28 फरवरी को जारी हुई अंतिम मतदाता सूची में भी तमाम खामियां उजागर हुई थी। हालंकि, विरोध के सुरों को भांप कर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आनन फानन में फिर से सुधार कर सूची जारी की, लेकिन नई मतदाता सूची से तमाम ऐसे वकीलों के नाम गायब है जो हाईकोर्ट में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे है और उनकी सदस्यता शुल्क भी जमा है।नतीजा मतदाता सूची से वंचित हुए वकीलों में गहरा आक्रोश है। अक्रोशित वकीलों ने मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी के खिलाफ जनहित याचिका के जरिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याची वकीलों का दावा है कि बार में लगभग 15 से 16 हजार सदस्य है।



# कैडेट्स को परंपरागत प्रशिक्षण के साथ एडवेंचर की भी दी जाएगी ट्रेनिंग

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**जनरल ऑफिसर ने विभिन्न एनसीसी इकाइयों के अधिकारियों, एएनओ, पीआई स्टाफ और कैडेट्स के साथ बातचीत की और उच्च प्रदर्शन करने वाले एएनओ, कैडेट और स्टाफ को सम्मानित किया। 01 यूपी सीटीआर के लेफ्टिनेंट (डॉ.) दिव्य कुमार को डीजी एनसीसी कमेंडेशन कार्ड और डीजी एनसीसी मेडलियन से सम्मानित किया गया और अन्य चयनित एएनओ और कैडेट्स को प्रशंसा प्रदान की गई।एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, एवीएसएम, वीएसएम ने ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तहत इकाइयों में एनसीसी गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए प्रयागराज का दौरा किया। जनरल ऑफिसर का ग्रुप मुख्यालय, प्रयागराज में मेजर जनरल विक्रम कुमार, एडीजी एनसीसी (डीटीई) यूपी द्वारा स्वागत किया गया और ब्रिगेडियर यू एस कांडिल, ग्रुप कमांडर, एनसीसी प्रयागराज द्वारा उन्हें प्रयागराज के तहत सभी एनसीसी इकाइयों के कैडेटों द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।जनरल ऑफिसर ने विभिन्न एनसीसी इकाइयों के अधिकारियों, एएनओ, पीआई स्टाफ और कैडेट्स के साथ बातचीत की और उच्च प्रदर्शन करने वाले एएनओ, कैडेट और स्टाफ को सम्मानित किया। 01 यूपी सीटीआर के लेफ्टिनेंट (डॉ.) दिव्य कुमार को डीजी एनसीसी कमेंडेशन कार्ड और डीजी एनसीसी मेडलियन से सम्मानित किया गया और अन्य चयनित एएनओ और कैडेट्स को प्रशंसा प्रदान की गई।इस यात्रा का मुख्य आकर्षण डीजी एनसीसी की 1 यूपी नेवल एनसीसी यूनिट की यात्रा थी जो कि प्रयागराज ग्रुप के तहत एकमात्र नौसेना इकाई है।



# इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट सिस्ट निकालने का कीर्तिमान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** रेलवे के केंद्रीय अस्पताल के चिकित्सक के नाम एक विशेष कीर्तिमान दर्ज हुआ। लड़की के पेट से दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट सिस्ट निकालने की घटना को इंटरनेशनल बुक आफ रिकॉर्ड ने विशेष करार दिया और इसे अपने रिकॉर्ड बुक में जगह दी है। केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ जर्नल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संजय कुमार ने अपने गुरु व मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सबी अहमद के साथ विश्व का सबसे बड़ा ओवेरियन एंडोमेट्रियोमा (चॉकलेट सिस्ट) निकाल कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। इसकी आधिकारिक जानकारी मंगलवार को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के ऑफिसियल ?एक्स हैंडल के माध्यम से दी गई। केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ जर्नल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संजय कुमार ने अपने गुरु व मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सबी अहमद के साथ विश्व का सबसे बड़ा ओवेरियन एंडोमेट्रियोमा (चॉकलेट सिस्ट) निकाल कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।




# बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में सत्र अदालत ने सुनाई थी मौत की सजा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी विवाहित व्यक्ति की मौत की सजा को 30 साल कैद की सजा में बदल दिया है। कहा है कि उसका न तो कोई आपराधिक इतिहास था और न ही वह पहले दोषी था। उसके सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए फांसी की सजा कम की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा तथा न्यायमूर्ति सैयद आफताब हुसैन रिजवी की खंडपीठ ने यह आदेश दिनेश पासवान की सजा के खिलाफ अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है।यूपी के फतेहपुर में तीन साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दोषी विवाहित व्यक्ति की मौत की सजा को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 30 साल कैद की सजा में बदल दिया है। कोर्ट ने कहा कि? दोषी के सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता इसलिए फांसी की सजा कम की जानी चाहिए।फतेहपुर की जिला एवं सत्र अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई है। अपीलकर्ता की वकील तनीषा जहांगीर मुनीर ने कहा, केवल संदेह के आधार पर झूठा फंसाया गया है। घटना को अभियोजन पक्ष द्वारा दबा दिया गया है। मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य का है, जिसकी श्रृंखला अधूरी है। घटना का स्थान तय नहीं किया गया, क्योंकि मृतक का शव कथित घटना स्थल (अपीलकर्ता के किराये के कमरे) पर नहीं मिला था।मृतक की मां के अनुसार, शव उसके नाना-नानी के घर पर पाया गया था। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा, 'अपराध बहुत जघन्य प्रकृति का है और वीभत्स तरीके से किया गया है।' अभियुक्त की उम्र आठ दिसंबर 2021 को 25 वर्ष थी। वह युवक है।



आधुनिक
गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)





CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# पटाखों से बेकाबू हुई आग, सिलिंडर फटने से दहला इलाका और सबकुछ तहस-नहस हो गया, तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**लखनऊ।** लखनऊ काकोरी के हाता हजरत साहब इलाके में मंगलवार रात एक दो मंजिला इमारत में आग लग गई। आग लगते ही सिलिंडर में धमाका हुआ। हादसे में दंपती समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इसमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। सूचना पर पुलिस और दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। आग में झुलसे चार लोगों को रेस्क्यू कर ट्रामा में भर्ती कराया। इन चारों की भी हालत गंभीर है।आग और सिलिंडरों में धमाकों की घटना इतना भयानक थी कि कमरे की छत व दीवारें ढह गईं। धमाकों की आवाज दूर तक लोगों को सुनाई पड़ी। गांव के लोग घरों से निकले तो मुशीर का घर लपटों से घिरा देख सन्न रह गए। देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों के अनुसार मुशीर पटाखा बेचने का काम करते थे। उनके घर में पटाखे रखे थे। कमरे में लगी आग कुछ ही देर में पटाखों तक पहुंच गई और फिर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पटाखों में विस्फोट के साथ ही कमरे में रखे दो सिलिंडर भी तेज धमाकों के साथ फट गए। धमाके इतनी तेज थे कि दूर तक लोगों को आवाज सुनाई पड़ी। रात के वक्त घर में सो रहे लोग धमाकों से दहल गए। कुछ ही देर में मुशीर के घर के बाहर भीड़ जुट गई।मुशीर के मकान का काफी हिस्सा ढह चुका था। छत व दीवार धराशायी हो चुकी थीं। लपटों से घिरे घर में फंसे लोगों की चीखपुकार सुन ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े। पुलिस के पहुंचने से पहले ही लोगों ने घायलों को किसी तरह बाहर निकाला। इस बीच काकोरी पुलिस और चौक फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी भी पहुंच गई।सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका पता अभी नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि गैस सिलिंडरों के परखचे उड़ गए थे और उसके टुकड़े कई जगह बिखरे थे। ऐसी आशंका है कि आग या तो शार्ट-सर्किट के चलते लगी थी या गैस सिलिंडर में लीकेज से हादसा हुआ। हादसे की असल वजह जांच के बाद ही पता चल सकेगी।मुशीर के घर में हुए हादसे के वक्त परिवार के आठ लोग अनम, इंशा, लकब, मुशीर, हुस्ना बानो, राइया, हुमा और हिबा एक ही कमरे में मौजूद थे। अजमत दूसरे कमरे में थे। धमाके की आवाज सुन वह कमरे में फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए पहुंचे तो वह भी झुलस गए।मुशीर के भाई व कुछ अन्य लोग फौरन ही अपनी जान बचाकर घर के बाहर भागे। घर के बाहर बेबस खड़े ये लोग परिजनों को बचाने के लिए चीखते रहे पर तेज लपटों और धमाके के डर के चलते कोई हिम्मत नहीं जुटा सका। कुछ देर बाद जब धमाके की दहशत कम हुई तब ग्रामीण घर के अंदर दाखिल हो सके।







# मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी शराब माफिया घायल, दो वर्षों से तलाश कर रही थी पुलिस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**वाराणसी।** फूलपुर कोतवाली की सीमा पर पुलिस फोर्स की मौजूदगी देते ही बदमाश ने खंजहापुर-सैदपुर मार्ग पकड़ लिया। जिस पर पुलिस टीम ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। घायल बदमाश के पास खड़ी पुलिस। यहीं पर पुलिस और अपराधी की घेराबंदी में लग गई। फूलपुर कोतवाली की सीमा पर पुलिस फोर्स की मौजूदगी देते ही बदमाश ने खंजहापुर-सैदपुर मार्ग पकड़ लिया। जिस पर पुलिस टीम ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया।खंजहापुर गांव के पास ही पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर ली।



बदमाशों के बीच फायरिंग हुई।आजमगढ़ जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खंजहापुर-सैदपुर मार्ग पर पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी शराब माफिया घायल हो गया। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वह अंतर्जनपदीय शराब कारोबारी है। दो सालों से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। फूलपुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी-शराब माफिया बाइक से शाहगंज से गाजीपुर की तरफ जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम पुसिल ने जब उसे घेर लिया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया। जिससे गोली अपराधी के दाहिने पैर में लगी और वह लहुलुहान होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। मौके से पुलिस ने तमंचा-कारतूस व बाइक बरामद किया है।पुलिस की गोली से घायल बदमाश की पहचान अमित कुमार निषाद उर्फ मैकलाल निवासी पटना थाना खानपुर जिला गाजीपुर के रूप में की गई।

# गोली-बोली से हथिया लेते थे जमीन जानिए, अब किस डर से खोज रहे ठौर-ठिकाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गोरखपुर।** गोरखपुर के माफिया राकेश, अजीत और कमलेश अब बचने के लिए रसूखवालों का शरण खोज रहे हैं। पुलिस ने एक बार जिले के टॉप 10 में शामिल अपराधियों पर सख्ती शुरू कर दी है। कुछ दिन पहले एसटीएफ के एनकाउंटर में माफिया विनोद उपाध्याय मारा गया था।गोरखपुर। समय सबका हिसाब रखता है। कभी गोली और दबंगई के बल पर वे किसी की भी जमीन हथिया लेते थे। सत्ता और व्यवस्था के दमखम से दूसरे की संपत्तियों छीन लेते थे। हालात बदले तो लंबे समय अंडरग्राउंड रहकर माफिया ने धंधे चलाए। उस पर भी सख्ती शुरू हुई तो जेलों में दुबके या फिर शहर छोड़कर नेपाल-बिहार में जा छिपे।अब चुनावी समर से पहले पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने इन माफिया की खैर-खबर लेनी शुरू की तो पता लगा कि कोई रसूखदारों के सहारे तो कोई उनके विरोधियों की अंगुली पकड़कर अपनी नैया पार लगाने की जुगत में है।जिले के टॉप टेन बदमाशों की सूची में शामिल माफिया अजीत शाही, सुधीर सिंह हों या फिर सीलिंग की जमीन बेचकर अचूक संपत्ति खड़ा करने वाला कमलेश यादव, दीनानाथ, पुलिस-प्रशासन की सख्ती की वजह से सभी शहर छोड़कर फरार हैं।पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बीच इन सभी में से किसी का भी नए अपराध में नाम नहीं आया है। इस बीच माफिया राकेश का नाम आया तो वह भी उस महिला को हड़काने के लिए, जिसने उस पर केस दर्ज कराया है।कोऑपरेटिव बैंक में जाकर धमकी देने के मामले में माफिया अजीत शाही का नाम लंबे समय बाद 12 मई 2023 को सामने आया था। इस मामले में शाहपुर थाने में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच शुरू की तो परतें खुलने लगीं। पता चला कि सपा-बसपा से जुड़ा रहा अजीत शाही नाम बदलकर अजीत वीर विक्रम सिंह बनकर खुद को शरीफ दिखाता था।फिर इस मामले में भी गीडा थाने में केस दर्ज किया गया और माफिया की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश देनी शुरू की तो वह पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में हाजिर हो गया। अब अजीत शाही जमानत पर रिहा है। कैंट पुलिस की मानें तो उसके घर पर सत्यापन के दौरान यही पता चलता है कि अब वह बाहर रहता है।उसकी अवैध कमाई से अर्जित की गई संपत्ति पर बुलडोजर भी चल चुका है और खाली कराई जमीन पर नगर निगम पेट्रोल पंप खोलने की तैयारी में है। बताया तो यह भी जाता है कि वह एक ऐसे मजबूत शख्स के शरण में जाने की जुगत में है, जिससे उसे पुलिस प्रशासन से राहत मिल जाए। उधर, पुलिस उसके मामलों में सजा कराने की पैरवी कोर्ट में कर रही है।



# फोरलेन होगा पादरी बाजार ओवरब्रिज, निर्माण शुरू- जानिए कितनी लगेगी लागत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कानपुर।** पादरी बाजार फोरलेन निर्माण का काम शुरू। डेढ़ साल में इसे बनाकर तैयार होना है। 650 मीटर लंबे ओवरब्रिज की चौड़ाई 16.80 मीटर होगी। इसके बनकर तैयार होने के बाद शहर की बड़ी आबादी को घंटों जाम जैसी समस्या से मुक्ति मिलेगी।गोरखपुर में पादरी बाजार ओवरब्रिज को फोरलेन बनाया जाएगा। मंगलवार को ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो गया। सेतु निगम की ओर से पादरी बाजार के एक छोर पर बैरिकेडिंग कराकर अब पिलर के लिए खुदाई शुरू होगी। फ्लाईओवर बनने से करीब ढाई लाख से अधिक लोगों को फायदा मिलेगा।सेतु निगम की ओर से तैयार कराए गए डीपीआर के मुताबिक, ओवरब्रिज की लंबाई 650 मीटर और चौड़ाई 16.80 मीटर होगी। इस निर्माण पर करीब 98 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस ओवरब्रिज को डेढ़ साल में बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पादरी बाजार में फ्लाईओवर बनाने के लिए करीब आधा हेक्टेयर जमीन ली जाएगी।जमीन अधिग्रहण सहित अन्य सभी कार्यों के लिए शासन की ओर से 24.58 करोड़ रुपये जारी हो गए हैं। मंगलवार को सेतु निगम की ओर से ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया।शहर का विस्तार होने से पादरी बाजार चौराहे से इस समय गाड़ियों की आवाजाही बहुत ज्यादा है। एक सड़क खजांची चौराहा, दूसरी पिपराइच, तीसरी असुरन और चौथी कौवाबाग कॉलोनी की तरफ जाती है। पिपराइच की ओर से बहुत सारे नौकरीपेशा लोग रोजाना शहर में आते हैं। पादरी बाजार चौराहे के आसपास 20 से अधिक कॉलोनियां बसी हैं।



# शादी में खाने को लेकर हुआ विवाद, बरातियों को लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से पीटा, एक को मार ही डाला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**लखनऊ।** बहराइच के एक विवाह समारोह में खाने को लेकर बरातियों व जनातियों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। विवाद में एक की मौत हो गई व एक घायल हो गया।नेपाल सीमा से सटे जिले के रामनगर गांव में मंगलवार रात को बरात आई। खाने को लेकर रात 11 बजे बरातियों और गांव के लोगों में विवाद हो गया, जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक बराती की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया है। मृतक बराती के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रुपईडीहा थाना अंतर्गत रामनगर गांव निवासी बेचन लाल के यहां मंगलवार रात को थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी संदीप पुत्र निवास बरात लेकर पहुंचे। रात में अन्य कार्यक्रम के साथ दूल्हे और दुल्हन पक्ष के लोगों ने खाना शुरू कर दिया। खाने को लेकर दूल्हे पक्ष के रिश्तेदार रामगांव थाना क्षेत्र के बल्दीसिंह पुरवा गांव निवासी सोनू आर्य पुत्र बांकेलाल और खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर बाजार निवासी जगदीश के पुत्र संजय कुमार ने उलाहना दिया। इससे लड़की पक्ष के गांव के लोग नाराज हो गए।खाने को लेकर रामनगर गांव निवासी गुड्डू वर्मा से विवाद के बाद गुड्डू वर्मा पुत्र ओंकार वर्मा, डब्लू वर्मा पुत्र बहुरि व मोटेरू वर्मा ने मिलकर लाठी डंडे और लोहे की रॉड से बरातियों को मारा पीटा जिसमें दूल्हे के रिश्तेदार सोनू आर्य और संजय कुमार घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को बाबागंज में स्थित अस्पताल में लाया गया। जहां सोनू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मामले की जानकारी पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बयान दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।





# मैं निर्दोष हूंपूर्व सांसद धनंजय ने कहा, मुझे गलत ढंग से फंसाया गया है

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**वाराणसी।** अपहरण व रंगदारी के मामले में वादी व दूसरे गवाह के मुकरने बाद भी कोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को दोषी ठहराया गया। कोर्ट ने पत्रावलियों में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषी ठहराया। उधर, दोष सिद्ध होने पर पूर्व सांसद ने कहा मुझे फंसाया गया है। पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम सिंह को अपहरण व रंगदारी के मामले में दोषी ठहराया गया। यह आदेश तब भी सुनाया गया जब वादी व दूसरा गवाह मुकर गया। ऐसे में कोर्ट ने पत्रावलियों में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषी ठहराया। कोर्ट में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने न्यायाधीश से कहा कि मैं निर्दोष हूं मुझे गलत ढंग से फंसाया गया है। मेरी राजनीतिक छवि धूमिल की जा रही है।सरकारी अधिवक्ता लाल बहादुर पाल ने पत्रकारों को बताया कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम सिंह मंगलवार को तीन बजे कोर्ट में उपस्थित हुए। इसमें कोर्ट के समक्ष अपहरण व रंगदारी के मामले में दोष सिद्ध हुए।



# इटावा को मिलेगी 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सौगात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**इटावा।** सपा के गढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को पहुंच रहे हैं। यहां सीएम योगी 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लोकार्पण करेंगे।इटावा जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सौगात देंगे। वह पौने 12 बजे सैफई मेडिकल कॉलेज परिसर में अस्पताल का लोकार्पण करेंगे। इसके लिए बीते दो दिनों से लगातार जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ था।500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को फूलों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा की दृष्टि से सैफई व सैफई के आसपास चप्पा चप्पा पर पुलिस की तैनाती की गई है। सैफई हवाई पट्टी से लेकर



के सफाई तक पुलिस की तैनाती की गई है। चारों तरफ बैरिकेडिंग का इंतजाम किया गया है।अस्पताल में आने वाले मरीज व तीमारदारों के लिए गेट नंबर-दो और गेट नंबर- तीन से प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहेंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन-पुलिस अलर्ट मोड पर है।

# नीलगाय से हुई जोरदार टक्कर, छात्र की मौके पर मौत, 10वीं की परीक्षा देने जा रहा था उजागर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**मेरठ।** मेरठ के भावनपुर क्षेत्र में दो छात्रों की नीलगाय से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा मामूली चोटिल हुआ है। बताया गया कि छात्र 10वीं की परीक्षा देने जा रहा था।मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को नीलगाय की टक्कर से एक 10वीं के छात्र की मौत हो गई। वह परीक्षा देने जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसे नीलगाय ने टक्कर मारी। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।बताया गया कि गांव अब्दुल्लापुर स्थित जागीर मोहल्ला निवासी दसवीं का छात्र उजागर (18) पुत्र महिपाल बुधवार की सुबह अपने साथी सलीम बक्सर निवासी के साथ बाइक पर परीक्षा देने के लिए परीक्षितगढ़ क्षेत्र के परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज में जा रहा था। जब वे भावनपुर थाने से कुछ ही कदम की दूरी पर पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार से आ रही नीलगाय से जोरदार टक्कर हो गई।इस हादसे में बाइक सवार उजागर की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा छात्र सलीम मामूली रूप से चोटिल हो गया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, उजागर की मौत की जानकारी मिलते ही उसकी मां पूनम सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हो गया।



# करीबियों को अखरी शान-ओ-शौकत भरी जिंदगी महंगे शौक देख जले कारोबारा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कानपुर।** तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी के दौरान आयकर टीम को 70 से 80 करोड़ रुपये की अघोषित आय मिली। इसके अलावा टीम ने सात साल का ब्यौरा जुटाया है। कानपुर में बंसीधर श्रीराम फर्म के नाम से तंबाकू का कारोबार करने वाले केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा और उनके बेटे शिवम मिश्रा यूं ही नहीं आयकर विभाग के निशाने पर आए। करीबियों द्वारा की गई मुखबिरी के बाद आयकर विभाग की नजर इस फर्म पर पड़ी। दरअसल, यह फर्म तो 70 से 80 साल पुरानी है, लेकिन पिछले 15 साल में पिता-पुत्र ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर दिया।कभी स्कूटर से चलने वाले मुन्ना मिश्रा करोड़ों की महंगी गाड़ियों के मालिक बन चुके थे। पिता-पुत्र शान-ओ-शौकत भरी जिंदगी जी रहे थे। सूत्रों के अनुसार ये बात करीबियों को हजम नहीं हुई और आयकर विभाग को सूचना दे दी। इसके बाद विभाग ने चार महीने तक रेकी की और गुरुवार को देशव्यापी छापे मारे। कानपुर, गुजरात, दिल्ली के ठिकानों पर चली पांच दिन की कार्रवाई के बाद विभाग ने 70 से 80 करोड़ रुपये की अघोषित आय पकड़ी।इतना ही नहीं करीब 70 करोड़ रुपये की कई गाड़ियां, साढ़े 12 करोड़ की पांच घड़ियां, साढ़े चार करोड़ नकद और ढाई करोड़ के गहने जब्त किए थे। इसके अलावा 17 संपत्तियों के दस्तावेज मिले और छह मुखौटा कंपनियों का खुलासा भी हुआ था। इन कंपनियों के जरिये ही ये लोग काले धन को सफेद करते थे। इतना ही नहीं सालाना ढाई से तीन करोड़ का ही आयकर रिटर्न दाखिल करते थे, जबकि कमाई कहीं ज्यादा थी।सूत्रों के अनुसार तंबाकू कारोबारी और इनके बेटे के बारे में चार महीने पहले गोपनीय जानकारी मिलने के बाद इनके दिल्ली, कानपुर, गुजरात समेत सभी प्रतिष्ठानों की विभाग ने रेकी शुरू की। गुजरात में फैक्ट्री से निकलने वाले माल आदि की जानकारी जुटाई गई।



# शिखर पर भाव...फिर भी रोज बिक रहा 13 करोड़ का सोना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गोरखपुर।** उप्र सराफा एसोसिएशन के मंत्री रामकिशोर मिश्रा ने बताया कि सोने के भाव में जबरदस्त तेजी आ गई है। भाव नए रिकॉर्ड मूल्य पर पहुंच गया है। बाजार में सहालग मांग बहुत अच्छी है। इस महीने 12 मार्च तक सहालग हैं। इसके बाद अप्रैल से शादियां शुरू हो जाएंगी। सहालगी मांग के चलते भाव तेज है।कानपुर में सोने ने भाव के मामले में मंगलवार को नया रिकॉर्ड बना डाला। सोने के दाम 66 हजार रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गए है। इससे पहले सोने का उच्चतम भाव पिछले साल दिसंबर में 65050 रुपये प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक दिन में चांदी का भाव भी एक हजार रुपये प्रति किलो बढ़ा है।चांदी का भाव 74200 रुपये किलो हो गया। भावों में तेजी के बीच भी अच्छी खरीदारी हो रही है। प्रतिदिन करीब 20 किलो सोना (13 करोड़ 20 लाख रुपये) और एक हजार किलो चांदी के गहनों की बिक्री हो रही है। जानकारों का कहना है कि आगे सहालग है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी का अनुमान लगाया जा रहा है।एक साल में सोने के भाव में प्रति दस ग्राम 9400 और चांदी के भाव में प्रति किलो 8400 रुपये की तेजी आई है।



# 500 बेड के अस्पताल का शुभारंभ कर सीएम बोले- पहले इटावा और सैफई के नाम से लोग डरते थे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**इटावा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा के सैफई में 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पहले लोग इटावा और सैफई के नाम से डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं।इटवा के सैफई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 12:10 पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी सैफई मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम के मंच पर पहुंचे तो तालियां बजाकर उनका लोगों ने स्वागत किया। कुलपति प्रोफेसर/ डॉक्टर प्रभात कुमार ने अस्पताल की उपलब्धियां बताई। मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा राज्य मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव, सांसद राम शंकर कठेरिया, विधायक सरिता भदौरिया मौजूद हैं।मुख्यमंत्री ऑडिटोरियम से ही 500 बेड अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। वहीं पैरामेडिकल के 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी देंगे। अस्पताल में आने वाले मरीज और तीमारदारों के लिए गेट नंबर-2 और 3 से प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान मुलायम सिंह यादव को सैफई में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए श्रद्धांजलि दी। कहा कि उनके इस विश्विद्यालय के बनवाने की वजह से पूरे भारत के छात्र यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इटावा के नाम से लोग डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं।सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों की कानाफूसी करने की आदत रही है। कहा अब अपना और पराया नहीं होता। अब अब सबके लिए काम होता है। मोदी जी के सबका विकास के उद्देश्य के साथ काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उपचार के लिए रुपये की कमी नहीं।

# मेरठ में पकड़े गए सॉल्वर गैंग के छह सदस्य मोबाइल में मिले पेपर लीक के सबूत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**मेरठ।** मेरठ पुलिस ने सॉल्वर गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। मेरठ में पुलिस के एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कंकरखेड़ा पुलिस ने सॉल्वर गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।एसटीएफ प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा हुई थी। लेकिन परीक्षा से एक दिन पहले सेंधमारी कर सॉल्वर गैंग ने यूपी पुलिस का पेपर लीक कर दिया था। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पुलिस तभी से सेंधमारी करने वाले सभी आरोपियों की तलाश में जुटी थी।एसटीएफ मेरठ ने मंगलवार रात हाईवे से पेपर लीक करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ सभी आरोपियों को पड़क कर कंकरखेड़ा थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों के मोबाइल व लैपटॉप से पेपर लीक से जुड़ीं कई जानकारियां मिलीं। आरोपी पूछताछ में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कई बड़े राज खोल सकते हैं।वहीं, पूछताछ में आरोपी की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दुपहिया रोड पठानपुरा, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी अलीपुर थाना सरधना, प्रवीण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी नगलाताशी, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर, नवीन पुत्र सुलेख चंद व साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा के रूप में हुई।बताया गया कि इस गैंग में कुल 14 सदस्य हैं। पुलिस फरार आठ आरोपियों की तलाश में भी जुट गई है। बुधवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर, सीओ दौराला शुचिता सिंह का कहना है कि आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपियों के लिए टीम लगातार दबिश दे रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



आधुनिक समाचार TM
हिन्दी दैनिक


## अदाणी फाउंडेशन सलाईबनवा द्वारा समूह की महिलाओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड श्री आशुतोष कुमार के मार्गदर्शन में श्री रमेश कुमार यादव जी ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया, इस विषय पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने विस्तार संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना और कौशल प्रशिक्षर्ण रोजगार के क्षेत्र में सतत प्रयासरत है।इस अवसर पर एन.आर.एल.एम. जिला



सतत् आजिविका विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत ओबरा गाँव (पनारी) में बकरी के दूध से साबुन निर्माण एवं मशरूम उत्पादन के लिए समूह की महिलाओं के एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को विकास भवन मे मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार और उपायुक्त स्वतः रोजगार से जानकारी दिया, साथ ही यह भी बताया कि बकरी के दूध से साबुन बनाने के लिए 30 महिलाएँ घुवास कला और मशरूम उत्पादन के लिए सुकृत मे 30 महिलाएँ जा रही हैं, इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल प्रबंधक एम.जी.रवी, ओबरा से पूनम जी एवं रिंकी जी, ग्राम पंचायत सदस्य पनारी भगत गिरी, संजू कुशवाहा और समूह से जुड़ी अन्य महिलाएँ उपस्थित रही। इस पहल की मुख्य विकास अधिकारी ने बहुत सराहना की व अदाणी फाउंडेशन को धन्यवाद प्रेषित किया।

## यूपी में हर माह मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली, योजना का लाभ उठाने के लिए इस तरह करें

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली पा सकते हैं। इसके लिए अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है।पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली पा सकते हैं। इसके लिए अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं।वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका निश्शुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं।



## बदल गई विंध्याचल धाम की तस्वीर, परकोटा और परिक्रमा पथ बन कर तैयार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 2800 करोड़ की 650 पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें नव्य-भव्य मां विंध्यवासिनी मंदिर का परकोटा व परिक्रमा पथ, मंदिर की गलियों के फसाड का ट्रीटमेंट तथा मंदिर को जाने वाले मार्गों को जोड़ने वाले पहुंच मार्गों का लोकार्पण किया।मां विंध्यवासिनी मंदिर की तस्वीर अब बदल गई है। सीएम योगी ने 2800 करोड़ की 650 पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें विंध्याचल धाम भी शामिल है। इसमें नव्य- भव्य मां विंध्यवासिनी मंदिर का परकोटा व परिक्रमा पथ मंदिर की गलियों के फसाड का ट्रीटमेंट तथा मंदिर को जाने वाले मार्गों को जोड़ने वाले पहुंच मार्गों का लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब विंध्यधाम का नव्य-भव्य स्वरूप श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। यही नहीं, धाम में आने वाले लोगों को जल्द ही पक्का घाट पर स्नान की भी सुविधा मिलेगी।मां विंध्यवासिनी मंदिर में पहुंचने के लिए कुल सात मार्ग थाना कोतवाली, न्यू वीआईपी, पुरानी वीआईपी, पक्का घाट, जैपुरिया गली, पाठक जी की गली, भट्ट जी की गली है, जहां चार प्रमुख मार्ग पुरानी वीआईपी, थाना कोतवाली, न्यू वीआईपी, पुरानी वीआईपी व पक्का घाट की गली पर भव्य गेट लगभग तैयार है। विंध्य धाम का निर्माण हो जाने के बाद मां विंध्यवासिनी की पहचान विश्व पटल पर चमकेगा। मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप धाम का स्वरूप बदला जा रहा है।मां विंध्यवासिनी मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए लगभग 331 करोड़ की लागत से विंध्य धाम को निखारा जा रहा है।




## आल्टो कार पर राखड़ लदा ट्रक पलटा, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पिपरी थाना क्षेत्र के मकरा गांव में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर राखड़ लदा ट्रक एक अल्टो कार पर पलट गया। इससे कार सवार मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के बैढ़न कोतवाली अंतर्गत ढेकी गांव निवासी एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपक कुमार शर्मा, रामायण शर्मा, रीता शर्मा व शुक्रवारी देवी के रूप में हुई है।पिपरी थाना क्षेत्र के मकरा गांव में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर राखड़ लदा ट्रक एक अल्टो कार पर पलट गया। इससे कार सवार मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के बैढ़न कोतवाली अंतर्गत ढेकी गांव निवासी एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीपक कुमार शर्मा रामायण शर्मा रीता शर्मा व शुक्रवारी देवी के रूप में हुई है।कार से चारों वाराणसी में अपने पुत्र के लिए लड़की देखने जा रहे थे। सुबह करीब आठ बजे हुई इस घटना की जानकारी शाम करीब छह बजे पुलिस को हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक और राख को हटवाना शुरू कर दिया है। शवों को निकालने का कार्य जारी है।वह सभी लोग रविवार की सुबह अपने घर से निकले थे।



## सिंदूरदान से पहले बाइक लेने की जिद पर अड़ा दूल्हा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** जिले की सीमा से सटे झारखंड के गढ़वा जिला के एक गांव में विवाह के दौरान सिंदूर दान से पहले दूल्हा मोटरसाइकिल लेने की जिद पर अड़ गया। इससे क्षुब्ध दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। फिर दोनों पक्षों में हुई पंचायत के बाद दूल्हा पक्ष ने दुल्हन पक्ष के शादी में खर्च हुए धनराशि के बदले करीब पांच लाख रुपए दिए, तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद बगैर शादी के दूल्हा पक्ष लौट गया।विवाह के दौरान सिंदूर दान से पहले दूल्हा बाइक लेने की जिद पर अड़ गया। इससे क्षुब्ध दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। फिर दोनों पक्षों में हुई पंचायत के बाद दूल्हा पक्ष ने दुल्हन पक्ष के शादी में खर्च हुए धनराशि के बदले करीब पांच लाख रुपए दिए तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद बगैर शादी के दूल्हा पक्ष लौट गया।गढ़वा जिला के सगमा ब्लाक के मकरी गांव से बुधवार की रात बारात भवनाथपुर विधानसभा के एक गांव में गई थी। बारात दुल्हन के द्वार पर पहुंची तो द्वार पूजा के साथ जयमाला की रस्म भी की जा चुकी थी।

## नितिन गडकरी बोले- कुछ सड़कें चलने के लिए होती हैं लेकिन कुछ हाईवे मंजिल तक पहुंचाने का काम करते हैं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार सुबह विंध्याचल पहुंचे और विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के साथ ही नव्य-भव्य धाम का अवलोकन भी किया। इसके बाद 1708.62 करोड़ रुपये की लागत से शिवपुर विंध्याचल के पास गंगा नदी पर छह लेन के पुल और 15 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-135 ए पर फोरलेन मीरजापुर बाईपास का शिलान्यास करने के बाद बथुआ स्थित पालिटेक्निक कालेज परिसर में सभा को भी संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने मीरजापुर प्रयागराज मार्ग को फोरलेन करने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया ने मंच से मांग उठाई कि मार्ग को फोर लेन कर दिया जाए इसपर उन्होंने डीपीआर तैयार करने को कहा। बताया कि मीरजापुर-अयोध्या मार्ग इतना बेहतर है कि तीन घंटे में पहुंच जाएंगे। भदोही-जौनपुर मार्ग भी फोर लेन करने की मंत्री ने घोषणा की और बताया कि जून में इसपर काम शुरू हो जाएगा।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में 7643 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग था जो 2024 में बढ़कर 13000 किलोमीटर हाईवे के रूप में परिवर्तित हो चुका है। वर्ष 2024 समाप्त होने के बाद अमेरिका के बराबर देश की सड़कें हों जाएंगी। वर्ष 2024 में पांच लाख करोड रुपए से कुछ कार्य पूर्ण होंगे तो कुछ कार्य शुरू भी होंगे और कुछ कार्य जारी रहेंगे।






## पटवध बसकटवां-कुरुहुल सम्पर्क मार्ग में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** विकास खण्ड के चोपन के पटवध बसकटवां-कुरूहुल सम्पर्क मार्ग का निर्माण के महज पन्द्रह दिनों के बाद उखड़ कर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो जाने से मार्ग की हालत दयनीय हो गयीं है। इससे ग्रामीण,राहगीर और वाहन चालक काफी परेशान हैं, और जगह-जगह गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बन रहीं हैं, कई बार तो इस सड़क पर दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो जाते हैं, और कई बार तो उनकी जान पर बन आती है मजे की बात यह है कि मार्ग का निर्माण महज़ दो सप्ताह पूर्व हुआ है। इससे खफा लोगों ने आंशिक रूप से मंगलवार की सुबह मे ग्रामीणो ने नारेबाजी कर प्रर्दशन किया,स्थानीय युवा नेता आशुतोष गुप्ता का कहना है कि जल्द आरसीसी रोड एवं रोड के दोनों पटरी में कवर्ड नाली निर्माण कार्य सही तरीके से एक माह के भीतर नहीं हुआ तो हम सब मिलकर बड़े पैमाने पर जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सम्पुर्ण जिम्मेदारी संबंधित लोक निर्माण विभाग की होगी। प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने वालों में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह, अदलगंज के ग्राम प्रधान अशोक मौर्या, कमलेश मौर्या, शशीकांत मौर्या, शिव मूरत गुप्ता, संजय तिवारी, रामबली गोंड, रामबिलाश? साहनीआदि सैकड़ों कि संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## दस घंटे से लापता थे परिवार के सदस्य, परिजनों ने एक्स पर पोस्ट कर यूपी पुलिस से मांगी मदद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पिपरी थाना क्षेत्र के मकरा गांव में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रविवार की सुबह करीब आठ बजे ही आल्टो कार पर राखड़ लदा ट्रक पलट गया था। कार में दबे लोग न जाने कब तक यूं ही पड़े रहते। यह तो संयोग रहा कि शाम को हुई बारिश से कार पर से राख बहने लगी जिससे उधर से गुजर रहे लोगों ने कार को देखा तो पुलिस को जानकारी दी।सुबह ही कार पर ट्रक पलट गया था और राखड़ से कार पूरी तरह से दब गई थी। उस रास्ते से होकर गुजरने वालों ने ट्रक पलटने की घटना को गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस भी इसको लेकर गंभीर नही रही। पुलिस की बीट ड्यूटी भी यहां फेल रही।



कार करीब 10 घंटे तक ट्रक और राखड़ के अंदर दबी रही। आशंका जताई जा रही है कि इस दौरान कार सवारों ने गंभीर चोट और घुटन से दम तोड़ दिया होगा।इस घटना की जानकारी न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। समझा जा रहा है कि यदि बारिश न होती तो

# नील वेगनर को जबरन रिटायरमेंट देने के आरोप पर केन विलियमसन ने तोड़ी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** न्यूज़ीलैंड टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने नील वैगनर के संन्यास को लेकर हाल ही में एक ऐसा बयान दिया, जिससे बवाल मच गया। 37 साल के वैगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले संन्यास का एलान किया। वैगनर को इस वजह से ही प्लेइंग-11 में नहीं चुना गया था।न्यूज़ीलैंड टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने नील वैगनर के संन्यास को लेकर हाल ही में एक ऐसा बयान दिया जिससे बवाल





मच गया। वैगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले संन्यास का एलान किया। वैगनर को इस वजह से ही प्लेइंग-11 में नहीं चुना गया था। इसके बावजूद वह पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर ड्रिंक्स लेकर पहुंचे थे।इसके बावजूद वह पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर ड्रिंक्स लेकर पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान फैंस का दिल जीत लिया था। इस बीच रॉस टेलर ने एक कार्यक्रम में कहा कि नील को जबरन संन्यास दिलाया गया। उनके बयान के बाद अब न्यूज़ीलैंड टीम के दिग्गज केन विलियमसन ने चुप्पी तोड़ी है।दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केन विलियमसन ने नील वैगनर के संन्यास को लेकर चुप्पी तोड़ी। केन विलियमसन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी को भी कभी रिटायरमेंट लेने के लिए जबरदस्ती नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि पिछला सप्ताह उनका शानदार रहा था और यह इस बात को दर्शा कर रहा था कि उनका करियर कितना अविश्वसनीय था।ड्रेसिंग रूम में हमारे पास कुछ अद्भुत पल थे। यह पूरी तरह से नहीं हुआ। जाहिर है, मैदान पर प्रदर्शन से मदद मिलती, लेकिन यह उससे कहीं अधिक था। उन्होंने इस टीम के लिए ऐसी अविश्वसनीय चीजें की हैं।अगर बात करें वैगनर के क्रिकेटर करियर की तो बता दें कि उन्होंने अपना इंटरनेशनल क्रिकेट डेब्यू साल 2012 में किया था। न्यूज़ीलैंड की ओर से खेले 64 टेस्ट मैचों में वेगनर ने कुल 260 विकेट झटकेरॉस टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है कि वैगनर को संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनर की प्रेस कांफ्रेंस को सुने तो पता चलता है कि वह संन्यास लेने वाला था, लेकिन अंतिम टेस्ट मैच के बाद। वह इस सीरीज के लिए उपलब्ध था, लेकिन पहले टेस्ट के लिए उसे टीम में नहीं चुना गया।

# विदर्भ ने मध्य प्रदेश को रौंदकर फाइनल का कटाया टिकट अब मुंबई से होगी खिताबी भिड़ंत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले सेमीफाइनल में विदर्भ का सामना मध्य प्रदेश टीम से हुआ। 6 मार्च को पहले सेमीफाइनल के आखिरी दिन के खेल में विदर्भ ने मध्य प्रदेश को 62 रन से मात देकर रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में प्रवेश किया।रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले सेमीफाइनल में विदर्भ का सामना मध्य प्रदेश टीम से हुआ। 6 मार्च को पहले सेमीफाइनल के आखिरी दिन के खेल में विदर्भ ने मध्य प्रदेश को 62 रन से मात देकर रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। अब रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल मैच में विदर्भ का सामना मुंबई से होना है।मैच के आखिरी दिन मध्य प्रदेश को जीत के लिए 93 रनों की दरकार थी, लेकिन विदर्भ टीम के गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन दिखाते हुए मध्य प्रदेश को 258 रन पर ही ढेर कर दिया। इस तरह विदर्भ ने 62 रन से जीत हासिल कर फाइनल में एंट्री की। अब विदर्भ का सामना मुंबई से रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में होना है।रणजी ट्रॉफी 2024 का पहला सेमीफाइनल काफी रोमांचक रहा। जहां विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में विदर्भ की टीम 170 रन पर ऑलआउट हो गई थी।इसके बाद मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 252 रन बनाकर बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में विदर्भ ने यश राठौर की 141 रन की आतिशी पारी और अक्षय के 77 रन के दम पर मैच में वापसी की और दूसरी पारी में 402 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस तरह मध्य प्रदेश को 321 रन का लक्ष्य मिला। मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी में 22 रन के स्कोर पर ही अपना पहला विकेट गंवा दिया था।इसके बाद यश दुबे ने टीम की पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई और 212 गेंदों का सामना करते हुए 94 रन बनाए। वह अपने शतक जड़ने से सिर्फ 6 रन से चूक गए। उन्होंने हर्ष गावली के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी भी की। हर्ष के बल्ले से 80 गेंदों पर 67 रन निकले, जिसमें 11 चौके शामिल रहे। चौथे दिन के खेल तक ही यश अपना विकेट गंवा बैठे थे।



# सर्जरी के बाद पहली बार सूर्यकुमार यादव ने थामा बल्ला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हर जगह उनकी चर्चा हो रही है। यह हर कोई जानता है कि सूर्या टखने की सर्जरी के चलते काफी समय से क्रिकेट मैदान से दूर चल रहे हैं, लेकिन सफल सर्जरी के बाद वह के चलते काफी समय से क्रिकेट मैदान से दूर हैं लेकिन सफल सर्जरी के बाद वह रिकवर कर रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर की जिसमें वह बैटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं।उन्हें जिम में जमकर पसीना बहाते हुए देखा जा रहा है तो वहीं, हाल ही में सूर्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खुशी का ठिकाना नहीं रहा।दरअसल, सूर्यकुमार यादव ने भारत के आखिरी बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे मैच में खेला था, जिसमें फील्डिंग के दौरान उनका टखना मुड़ गया था। इस मैच की पहली पारी में उन्होंने शानदार शतक जमाया था। इसके बाद दूसरी पारी के दौरान वह वह ठीक है और चोट ज्यादा गंभीर नहीं हैं, लेकिन जब वह भारत लौटे तो उनके टखने का स्कैन किया गया, जिसमें ग्रेड-2 स्तर का टियर (फटना) पाया। इसके बाद यह साफ हुआ कि वह अब खेलने के लिए उपलब्ध नहीं है। उसके बाद टखने की सर्जरी के बाद वह की स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के लिए





रिकवर कर रहे हैं।भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हर जगह उनकी चर्चा हो रही है। यह हर कोई जानता है कि सूर्या टखने की सर्जरी स्टोरी शेयर की, जिसमें वह सर्जरी के बाद पहली बार हाथ में बल्ला पकड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी स्टोरी में नेट्स में अभ्यास करते हुए कुछ सेकंड की वीडियो शेयर की, जिसके बाद भारतीय फैंस की अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए शॉट को रोककर गेंद को थ्रो करने के दौरान चोटिल हो गए थे। मैदान पर उन्हें दर्द से कराहता देख फिजियो की टीम पहुंची।हालांकि, मैच के बाद उन्होंने कहा था कि जर्मनी गए।इस बीच आईपीएल 2024 से पहले सूर्यकुमार यादव ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर यह संकेत दिए है कि वह रिकवर हो रहे हैं और वह आईपीएल 2024 में खेलते हुए नजर आएंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई को रौंदकर अपना हिसाब किया चुकता, प्वाइंट्स टेबल का ये है ताजा हाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** मेग लेनिंग की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर टूर्नामेंट की चौथी जीत हासिल की। इस जीत के साथ की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर टूर्नामेंट की चौथी जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ही विराजमान है। मुंबई इंडियंस की टीम एक स्थान नीचे खिसककर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई टीम के पास 6 अंक है, लेकिन बेहतर नेट रन रेट की वजह से आरसीबी टीम दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस है।दिल्ली की टीम ने पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि मुंबई इंडियंस ने दिल्ली से पहले आरसीबी के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। गुजरात जायंट्स ही अभी तक टूर्नामेंट में एकमात्र ऐसी टीम है जो प्वाइंट्स



ही दिल्ली कैपिटल्स प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ही विराजमान है। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के 8 अंक हो गए है और ऱ1.301 नेट रन रेट के अनुसार नंबर-1 का ताज दिल्ली टीम के पास है।मेग लेनिंग इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के 8 अंक हो गए है और ऱ1.301 नेट रन रेट के अनुसार नंबर-1 का ताज दिल्ली टीम के पास है।एमआई की टीम को हार के बाद भारी नुकसान हुआ। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली को ेंइ्थ् 2024 के 12वें मैच में 29 रन से हराया। महिला प्रीमियर लीग 2024 के प्वाइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स पहले स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक 5 मैच खेलते हुए 4 मुकाबलों में जीत, जबकि सिर्फ एक मैच में हार का सामना किया टेबल में अपना खाता नहीं खोल पाई। गुजरात जायंट्स ने अभी तक खेले गए अपने 4 मुकाबलों में हार का सामना किया है। गुजरात की टीम बिना किसी प्वाइंट्स के -1.804 के खराब नेट रन रेट के साथ आखिरी पायदान पर मौजूद हैं।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# शबनीम इस्माइल ने डाला महिला प्रीमियर लीग इतिहास की सबसे तेज गेंद, रफ्तार जानकर चौंक गए सभी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 29 रन से धूल चटाई। पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 192 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 20 रच दिया। साउथ अफ्रीका की शबनम ने महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज फेंकने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस तरह उन्होंने फ्रेंचाइजी को भी खुश किया, क्योंकि उन्हें खरीदने के लिए फ्रेंचाइजी ने ऑक्शन में 1.2 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी, जो कि सही साबित होती हुई नजर आ



ओवर में 8 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकी।मुंबई टीम की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल में इतिहास रच दिया। साउथ अफ्रीका की शबनम ने महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज फेंकने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस तरह उन्होंने फ्रेंचाइजी को भी खुश किया क्योंकि उन्हें खरीदने के लिए फ्रेंचाइजी ने ऑक्शन में 1.2 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी जो कि सही साबित होती हुई नजर आ रही हैं।भले ही इस मैच में मुंबई इंडियंस को हार झेलनी पड़ी हो, लेकिन मुंबई टीम की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल नें इ्थ् में इतिहास रही हैं।दरअसल, 35 साल की शबनीम इस्माइल खतरनाक बाउंसर से विरोधी टीम के बैटर्स की धज्जियां उड़ाने में माहिर हैं। वह बैटर्स के दिलों में खौफ पैदा करती हैं। तेज गेंदबाज के अलावा वह शानदार फील्डर भी हैं, जिस वजह से मुंबई इंडियंस ने उन्हें ऑक्शन में 1.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्हें खरीदने के लिए मुंबई, आरसीबी ने भी रुचि दिखाई थी, लेकिन अंत में मुंबई ने बाजी मारते हुए उन्हें अपने साथ जोड़ लिया।इसके बाद 2024 के 12वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शबनीम इस्माइल ने इतिहास रच दिया।

# जेमिमा रोड्रिग्स और लेनिंग ने मचाया बल्ले से कोहराम, गेंद से चमकीं जेस जोनासन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को एकतरपा मुकाबले में 29 रन से हराया। दिल्ली से मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही दिल्ली ने मुंबई से टूर्नामेंट के पहले मैच में मिली हार का हिसाब भी चुकता कर लिया है।193 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यास्तिका भाटिया महज 6 रन बनाकर आउट हुईं जबकि नेट साइवर ब्रंट भी 5 रन ही बना सकीं। अंतिम ओवरों में अमनजोत कौर ने 27 गेंदों पर 42 रन ठोके जबकि एस सजना ने 14 गेंदों पर नाबाद 24 रन जड़े। हालांकि यह दोनों मिलकर टीम की नैया को हुईं, जबकि नेट साइवर ब्रंट भी 5 रन ही बना सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 6 रन बनाकर चलती बनीं। हेली मैथ्यूज ने कुछ दमदार शॉट्स लगाए, लेकिन 17 गेंदों पर 29 रन बनाने के बाद वह अपना विकेट गंवा बैठीं।एमेलिया केर और पूजा अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकीं और 17-17 रन बनाकर आउट हुईं। अंतिम ओवरों में अमनजोत कौर ने 27 गेंदों पर 42 रन ठोके, जबकि एस सजना ने 14 गेंदों पर नाबाद 24 रन जड़े। हालांकि, यह दोनों मिलकर टीम की नैया को पार नहीं लगा सकीं। गेंदबाजी में दिल्ली की ओर से जेस जोनासन ने तीन विकेट झटके, तो मारिजाने कैप ने 2 विकेट चटकाए।टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा ने तूफानी शुरुआत



पार नहीं लगा सकीं।93 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यास्तिका भाटिया महज 6 रन बनाकर आउट दी। दोनों ने मिलकर महज 4.3 ओवर में 48 रन जोड़े। शेफाली 12 गेंदों पर 28 रन बनाने के बाद आउट हुईं।

# भारत-इंग्लैंड या पाकिस्तान नहीं, यह टीम जीतेगी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में भले ही अभी कुछ महीनों का समय बचा हुआ है, लेकिन इसका खुमार अभी से चढ़ने लगा है। सिर्फ फैन्स ही नहीं, बल्कि पूर्व दिग्गज क्रिकेटर्स के बीच भी वर्ल्ड कप को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान उस टीम का नाम बताया है जो उनके हिसाब से विश्व कप के खिताब को अपने नाम करने में सफल रहेगी। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत एक जून से होगी और टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका की भिड़ंत कनाडा के साथ होनी है।ऑस्ट्रेलिया ने साल 2021 में खेले गए टी-20



माइकल वॉन ने तो इस मेगा इवेंट को लेकर बड़ी भविष्यवाणी भी कर दी है। वॉन ने उस टीम का नाम बता दिया है, जो वेस्टइंडीज की धरती पर टी-20 वर्ल्ड कप के खिताब को अपने नाम कर सकती है।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर डाली है। वॉन ने वर्ल्ड कप के खिताब को अपने नाम किया था। कंगारू टीम ने दुबई में फाइनल मुकाबले में न्यूज़ीलैंड को पटखनी दी थी। हालांकि, साल 2022 में अपनी ही धरती पर खेले गए विश्व कप में टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। कंगारू टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रही थी।

# ऋषभ पंतू बने पंजाबी मुंडा, बंगाली लुक में जच रहे श्रेयस अय्यर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट के सबसे बड़े त्योहार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इंडियन प्रीमियर लीग के



17वें सीजन का आगाज होने में अब महज कुछ ही दिनों का समय शेष है। सभी टीम के खिलाड़ी एकजुट होने लगे हैं और जोरों-शोरों से तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बीच, आईपीएल 2024 का प्रोमो भी रिलीज हो गया है। प्रोमो में ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या नजर आ रहे हैं।आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। इससे पहले टूर्नामेंट का प्रोमो रिलीज हो गया है। प्रोमो की शुरुआत में ऋषभ पंत पंजाबी लुक में नजर आ रहे हैं। पंत पर यह नया लुक खूब सूट कर रहा है। ऋषभ वीडियो में कुर्सी पर बैठकर स्क्रीन पर चेन्नई सुपर किंग्स के चैंपियन बनने की तस्वीर देखते हुए नजर आ रहे हैं।इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का प्रोमो स्टार स्पोर्ट्स ने रिलीज कर दिया है। प्रोमो की शुरुआत में ऋषभ पंत पंजाबी लुक में नजर आ रहे हैं। पंत पर यह नया लुक खूब सूट कर रहा है। ऋषभ वीडियो में कुर्सी पर बैठकर स्क्रीन पर चेन्नई सुपर किंग्स के चैंपियन बनने की तस्वीर देखते हुए नजर आ रहे हैं।इसके बाद केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर बंगाली लुक में दिख रहे हैं। केकेआर के कैप्टन पर यह लुक काफी जच रहा है। अय्यर स्क्रीन पर रिंकू सिंह द्वारा छक्का लगाने के बाद अपने डांस से भी महफिल लूटते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में लखनऊ सुपर जायंट्स के कैप्टन केएल राहुल को एक पढ़ाकू स्टूडेंट के तौर पर दिखाया गया हो

## सम्पादकीय

### खाद्य सुरक्षा की दिशा में समाज, सरकार और बाजार का एक साथ आना जरूरी

देश की खाद्य प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण कारकों-समाज, सरकार और बाजार-का एक साथ आना बहुत जरूरी है। खाद्य सामग्रियों के उपयोगकर्ता नागरिक, उत्पादनकर्ता किसान और इनकी मदद करने वाली सिविल सोसाइटी, ये तीनों मिलकर खाद्य प्रणाली के संदर्भ में एक समाज तैयार करते हैं।भारत ने अपनी खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्य सब्सिडी पर अगले पांच वर्षों में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला किया है। खाद्यान्न उपलब्धता की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण है। पर भारत के सामने पोषण की चुनौती दोहरी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, 2019-21 बताता है कि एक तरफ 35 फीसदी बच्चे अविकसित, 57 फीसदी महिलाएं और 25 फीसदी पुरुष एनीमिया से पीड़ित हैं, दूसरी ओर असंतुलित आहार और आलसी जीवनशैली



के कारण 24 फीसदी वयस्क महिला और 23 फीसदी वयस्क पुरुष मोटापे का सामना कर रहे हैं। इसके साथ बदलती जलवायु, लगातार घटते भूजल, और मिट्टी का गिरता उपजाऊपन जैसी चुनौतियां हमारी खाद्य सुरक्षा को संकट में डाल सकती हैं।ऐसे में, देश की खाद्य प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण कारकों-समाज, सरकार और बाजार-का एक साथ आना बहुत जरूरी है। खाद्य सामग्रियों के उपयोगकर्ता नागरिक, उत्पादनकर्ता किसान और इनकी मदद करने वाली सिविल सोसाइटी, ये तीनों मिलकर खाद्य प्रणाली के संदर्भ में एक समाज तैयार करते हैं। उपभोक्ता के रूप में नागरिकों को बाजार से अपने खान-पान की सामग्री खरीदने और इस्तेमाल करने के ज्यादा सतर्क विकल्प चुनने चाहिए। जब नागरिक खान-पान के लिए बेहतर विकल्प चुनते हैं, तब यह किसानों और बाजार को उपयुक्त फसलें उगाने और उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। ऐसे ही, किसानों को भी मिट्टी को उपजाऊ बनाए रखने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर ध्यान देना चाहिए। सतत कृषि पर काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायनरमेंट ऐंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) का अध्ययन बताता है कि किसानों को जैविक मल्चिंग और 365 दिनों तक आच्छादित रहने वाली खेती जैसी कृषि पद्धतियों को अपनाना चाहिए। ये मिट्टी की सेहत सुधारने और उसमें लचीलापन बढ़ाने के अलावा पानी और अन्य कृषि सामग्री की खपत घटाने और किसान का मुनाफा बढ़ाने में सहायक हैं।खाद्य प्रणाली को सेहतमंद बनाने और सतत परिणामों की तरफ ले जाने के लिए, केंद्र और राज्य सरकारों को मिड डे मील, आंगनबाड़ी, सामुदायिक रसोई जैसी सेवाओं और रेलवे जैसे विभागों के लिए सतत पद्धतियों से स्थानीय स्तर पर उत्पादित पौष्टिक अनाज और दाल खरीदने की शुरुआत करनी चाहिए। जैसे राजस्थान में बाजरा या छत्तीसगढ़ में राजगीरा की खरीद होती है। बच्चों की खाद्य सामग्री के लिए विशेष सख्त नियम होने चाहिए। साथ ही, सरकारों को किसानों की मदद के लिए नए तरीके विकसित करने चाहिए। जैसे किसानों को सब्सिडी पर उर्वरक देने की जगह पर प्रति हेक्टेयर कृषि योग्य जमीन के आधार पर कृषि सामग्री के लिए नकद सहायता दी जा सकती है। एक सतत खाद्य प्रणाली बनाने में बाजार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कारोबार को यह समझने की जरूरत है कि अगर वे सतत और पुनरुत्पादक कृषि पद्धतियों को लोकप्रिय बनाने में किसानों के साथ मिलकर काम नहीं करेंगे, तो उनके सामने कच्चे माल की उपलब्धता बाधित होने का जोखिम बना रहेगा। इसके अलावा, उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को पौष्टिक और सतत उपभोग की तरफ मोड़ने में कंपनियों की भी बड़ी भूमिका है। जब तक स्थानीय दुकानों पर सेहतमंद खाद्य सामग्री के विकल्प उपलब्ध नहीं होंगे, कोई उपभोक्ता चाहकर भी इनका इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।

# यूरोपीय संघ को जरूरत है भारत की क्योंकि विश्व मंच पर बढ़ रहा है भारत का कद

यूरोपीय संघ भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखता है, और वह दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग का आह्वान करता है। वैश्विक मंच पर भारत का कद तेजी से बढ़ने की वजह से यूरोपीय संघ के साथ रिश्ता और मजबूत होगा।हाल ही में रायसीना



डायलॉग से अलग यूरोपीय संघ और भारतीय विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा और सहयोग पर जोर देते हुए ऑनलाइन दुष्प्रचार को रोकने पर विचार किया। कई नई प्रौद्योगिकियां आई हैं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चैटजीपीटी का दुरुपयोग भी हो रहा है। और अब सिर्फ यूरोप और अमेरिका के पास ही नहीं, बल्कि चीन और रूस के पास भी सैन्य एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई आधुनिक प्रौद्योगिकियां हैं। इसलिए साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने, ऑनलाइन दुष्प्रचार और दुरुपयोग को रोकने, अपनी टेक्नोलॉजी को अपडेट करने और उन्हें उन्नत बनाने के लिए दुनिया भर के देशों में विचार-विमर्श हो रहा है।जीवन के उच्च मानक, समृद्धि और संपन्नता, सीखने और बढ़ने के लिए अपार अवसर, मजबूत राजनीतिक संस्थान यूरोपीय देशों की विशेषता रही हैं, इसलिए यूरोपीय देशों के साथ ठोस रिश्ते बढ़ाना भारत के लिए आवश्यक है, लेकिन मौजूदा समय में हमें कई बातों पर ध्यान देने की जरूरत है।पिछले दिनों ईयू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच के जुड़ाव पर बात करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ बहुध्रुवीय दुनिया को पसंद करता है और यह बहुध्रुवीय दुनिया एशिया के जरिये ही मुमकिन है। यूरोपीय संघ इंडो-पैसिफिक के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले साझेदारों की तलाश करेगा और भारत उनमें से एक है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में डिजिटल सार्वजनिक वितरण या हरित विकास की पहल जैसे कई बदलाव हो रहे हैं। इन बदलावों से यूरोपीय संघ का भारत के प्रति ध्यान आकर्षित हुआ है। वैश्विक मंच पर भारत का कद तेजी से बढ़ने से भविष्य में यूरोपीय संघ के साथ जुड़ाव और बढ़ेगा। भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते 1960 के दशक की शुरुआत में बने, जब भारत ने यूरोपीय आर्थिक समुदाय के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। वर्ष 1994 में यूरोप के साथ हमने एक द्विपक्षीय सहयोग समझौता किया, जिससे व्यापार और आर्थिक सहयोग काफी बढ़ा। पहला भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन लिस्बन में हुआ, जिससे संबंधों को गति मिली। हेग में हुए पांचवें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में इस रिश्ते को 'रणनीतिक साझेदारी' में उन्नत किया गया। यूरोपीय संघ भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखता है और वह दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग का आह्वान करता है।द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के तहत व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण, आतंकवाद का मुकाबला, साइबर सुरक्षा, समुद्री डकैती, प्रवासन और गतिशीलता आदि इकतीस संवाद तंत्र शामिल हैं। चीन, अमेरिका के बाद यूरोपीय संघ भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जबकि भारत यूरोपीय संघ का 10वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अमेरिका के बाद यूरोपीय संघ भारतीय निर्यात का दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य है।जबसे यूक्रेन-रूस युद्ध छिड़ा है, खासकर पश्चिमी यूरोप के जो देश हैं, उन्होंने अपने हितों के खिलाफ जाकर रूस पर प्रतिबंध लगाया। नतीजतन एक तरफ जहां उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हुई, वहीं दूसरी तरफ रूस से उन्हें जो गैस वगैरह मिल रही थी, वह बंद हो गई। हालांकि भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर यूरोप को तेल की आपूर्ति की, जिससे हमारे रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ी है। फिर भी इन नए घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए हमें अपने राष्ट्रीय हितों पर ध्यान देना चाहिए।मौजूदा परिस्थिति में यूरोप की अर्थव्यवस्था कमजोर हो चुकी है। पश्चिम एशिया से बहुत से शरणार्थी वहां पहुंच गए हैं, जिससे वहां अस्थिरता पैदा हो रही है। आपसी मतभेद, आर्थिक समस्या के अलावा जो यूरोपीय देश नाटो में शामिल हैं, उनके लिए अमेरिकी निर्देश को नजर अंदाज करना मुश्किल होता है। फ्रांस के साथ हमारे द्विपक्षीय रिश्ते बहुत अच्छे हैं और उनके साथ आर्थिक, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग बढ़ाए जा सकते हैं, लेकिन कई अन्य यूरोपीय देशों के साथ यह सब आसानी से नहीं किया जा सकता है।यूरोपीय संघ के साथ मुक्त-व्यापार समझौते को लेकर हमारी बातचीत भी चल रही है। लेकिन उसमें दिक्कत यह है कि वे हमारे विशाल बाजार का लाभ उठाना चाहते हैं, लेकिन उनके उत्पाद ऐसे हैं, जिन्हें भारत में विलासिता संबंधी उपभोक्ता वस्तु कहा जाएगा, जैसे व्हिस्की, वाइन आदि। भारत के आम जन ज्यादातर पारंपरिक हैं, जो ऐसे उत्पादों का ज्यादा उपभोग नहीं करते हैं। कह सकते हैं कि सांस्कृतिक अंतर भी इसमें बाधा बन रहा है। इसके अलावा, हमारे समाज में उपभोक्तावाद बढ़ने के बावजूद बचत करने पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। यूरोप के साथ हमारा व्यापार स्वेज नहर के रास्ते होता रहा है। लेकिन आजकल पश्चिम एशिया में अस्थिरता के चलते दक्षिण अफ्रीका के रास्ते सामान आ रहा है, जिसमें समय भी अधिक लगता है और लागत भी बढ़ जाती है। इससे यूरोपीय संघ और भारत के व्यापारिक रिश्तों को धक्का लगा है।जहां तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात है, तो भारत ने इस दिशा में कोशिश की थी, लेकिन अमेरिका के साथ समझौते के कारण यूरोप ने अमेरिका की मंजूरी के बिना अत्याधुनिक उन्नत टेक्नोलॉजी देने में असमर्थता जताई। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कारगिल युद्ध के समय उन्होंने जीपीएस सिस्टम बंद कर दिया था, इसलिए हमें पता नहीं चल पा रहा था कि पाकिस्तानी कहां-कहां बैठे हुए हैं। यूरोप के साथ साइबर सुरक्षा और तकनीकी सहयोग की बात करते हुए हमें अपने पुराने अनुभवों को भी ध्यान में रखना चाहिए। हमारे देश में अभी चुनाव होने वाले हैं और चुनावों में सभी दल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धर्म, जाति आदि से संबंधित भावनाओं को हवा देते और गलत सूचनाएं फैलाते हैं, जो ऑनलाइन गतिविधियों से और बढ़ सकती है। भारत कभी नहीं चाहेगा कि हमारे समाज में मतभेद बढ़े।कुल मिलाकर, यूरोप के साथ हमें संबंध निश्चित रूप से बढ़ाने चाहिए।

## सनी लियोनी के अंदर घुसी माइकल जैक्शन की आत्मा, देखकर नहीं रोक पाएंगे अपनी हंसी

सनी लियोनी के अजीबो-गरीब डांस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सनी के इस डांस को देखने के बाद लोग बोल रहे हैं कि अंबानी के फंक्शन में नहीं जा पाईं इसलिए ऐसा हुआ है बॉलीवुड की बोल्ड एंड सिजलिंग



एक्ट्रेस सनी लियोनी की हॉटनेस देखकर फैंस आहे भरने पर मजबूर हो जाते हैं। सनी का हर अंदाज इतना सिजलिंग और ब्यूटीफुल होता है कि देखने वाले देखते रह जाते हैं। बता दें कि सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। सनी लियोनी ने 2012 में भट्ट कैंप की फिल्म 'जिस्म-2' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। पूजा भट्ट के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सनी के अपोजिट बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा नजर आए थे। इस फिल्म के बाद ही सनी को बैक टू बैक फिल्में मिलती गईं। सनी लियोनी अजीबो-गरीब डांससनी फैंस के साथ इंटरेक्शन का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लेती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सनी का एक फनी वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें सनी अजीबो-गरीब फनी डांस करती नजर आ रही हैं। सनी के इस फनी वीडियो को देखकर लोग हैरत में पड़ गए हैं। सनी ने इस फनी वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो को शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन में लिखा है कि 'डांस विद मी'सनी लियोनी के फैंस उनकी हर एक अदा पर जान छिड़कते हैं। इस वीडियो के लिए भी फैंस का प्यार देखते ही बनता है। डांस में एक्ट्रेस के मूव्स और एनर्जी देखने लायक है। सनी अपने क्यूट अंदाज और हिंदी से लोगों को खूब इंप्रेस करती हैं। सनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। सनी का क्यूट अंदाज फैंस को खूब भाता है। सनी शूटिंग के वक्त भी खूब मस्ती करती नजर आती हैं।निजी जिंदगी की बात करें तो सनी लियोनी ने जून 2017 में निशा नाम की बच्ची को गोद लिया था।

## एरिक रॉथ- सफल फिल्मों के लेखक

फिल्म इतिहास बिना फिल्म राइटर की बात करे आगे नहीं बढ़ सकता है। इसीलिए चलिए आज बात करते हैं, 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' के लेखक की। इस फिल्म लेखक का नाम है एरिक रॉथ।'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हैं हर ओर' की भांति एक फिल्म की चर्चा भी जोरों से हैऔर चारों ओर है। फिल्म का नाम है, 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' (2023)। फिल्म को पुरस्कार मिले हैं और आने वाले ऑस्कर



समारोह में उसकी धूम मचने वाली है। 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' के निर्देशक को भला कौन नहीं जानता है। इसी के डॉयरेक्टर मार्टिन स्कॉरसेसी ने अब तक 190 पुरस्कार जीते हैं, जिसमें ऑस्कर भी शामिल है। उन्होंने 72 फिल्में बनाई है, जिनमें 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' के पहले 'टैक्सी ड्राइवर', 'गैंग्स ऑफ न्यू यॉर्क', 'ह्यूगो', 'द वुल्फ ऑफ वॉलस्ट्रीट', 'दि एवीयेटर', 'कुंदन' 'कैसिनो' जैसी चर्चित फिल्में बनाई हैं।मगर क्या आप 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' के स्क्रीनप्ले राइटर का नाम जानते हैं? नहीं जानते होंगे। क्योंकि अक्सर यही होता है, जब शुरू में राइटर का नाम परदे पर आता है, तो दर्शक ध्यान नहीं देता और अंत में क्रेडिट रोल करते तक दर्शक हॉल से बाहर जा चुका होता है या फिर अपना लैपटॉप बंद कर चुका होता है।समीक्षक भी कदाचित ही फिल्म राइटर की बात करते हैं। लेकिन फिल्म इतिहास बिना फिल्म राइटर की बात करे आगे नहीं बढ़ सकता है। इसीलिए चलिए आज बात करते हैं, 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' के लेखक की। इस फिल्म लेखक का नाम है एरिक रॉथ।ऑस्कर विजेता एरिक रॉथ एरिक रॉथ फिल्म लेखन करते हैं, साथ ही वह प्रड्यूसर हैं और एडिशनल क्रू भी संभालते हैं। इस फिल्म राइटर को अब तक 118 बार नामांकन मिला है और इसने 15 पुरस्कार जीते हैं और खेल अभी बाकी है। न्यूयॉर्क सिटी में 22 मार्च 1945 को एरिक का जन्म हुआ था। इन्हें लेखन हेतु एक ऑस्कर मिला है, फिल्म है 'फोरेस्ट गम्प'। साथ ही 'दि इनसाइडर', 'म्युनिख', 'द क्यूरियस केस ऑफ बेन्जामिन बटन', 'ए स्टार इज बोर्न', 'ड्यून' जैसी फिल्मों के लेखन केलिए नामांकन मिला है।31 स्क्रीनप्ले लिखने वाले एरिक केलिए आने वाले ऑस्कर में काफी उम्मीदें हैं। आइए इनकी लिखी कुछ फिल्मों को थोड़ा विस्तार से देखते हैं।ड्यून नाम से कई बार फिल्म बनी है। 1984 (निर्देशक डेविड लिंच), 2000 में इसी नाम से कई फिल्म बनीं, मिनी टी. वी. सिरीज, वीडियो गेम, म्युजिकल वीडियो आदि बने। फिर 2021 में 'ड्यूनः पार्ट वन' बनी और अब इस साल 2024 में ड्यूनः पार्ट टू' बन रही है। हम बात कर रहे हैं, 2021 के ड्यूनः पार्ट वन' की।इस ड्रामा, एडवेंचर, एक्शन फिल्म के कैनेडियन निर्देशक हैं, डेनिस वेल्नो। और जैसा कि चलन है, इस ढ़ाई घंटे की फिल्म का लेखन एरिक रॉथ ने डेनिस वेल्नो तथा जॉन स्पाइस के साथ मिल कर किया है। पूरी दुनिया में गैलेक्सी को नियंत्रित करने की होड़ लगी हुई है। असल में यह सारा युद्ध गैलेक्सी के बहुमूल्य संसाधनों पर कब्जा करने को ले कर है।

## सेना में आगे आ रही हैं महिलाएं, यह चलन दे सकता है देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूती

ज्यादा महिलाओं को सैनिक सेवा के लिए तैयार करने से देश की प्रथम और द्वितीय श्रेणी की सुरक्षा प्रणाली भी मजबूत की जा सकती है।भारतीय संस्कृति में युगों से महिलाएं साहस और शक्ति का प्रतीक मानी जाती रही हैं। पर दुर्भाग्य से दसवीं सदी से लेकर



19वीं सदी तक गुलामी के समय विदेशी शासकों ने भारतीय नारियों पर अत्याचार करने शुरू किए, जिसके कारण वे घरों में पर्दे में रहने के लिए मजबूर हुईं। लेकिन आजादी के बाद भारतीय महिलाओं को अच्छी शिक्षा और विकास के सारे अवसर मिले, जिससे उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा, प्रशासन, शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर योगदान देना शुरू किया।आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर देश की उन्नति में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन आजादी के बाद भी काफी समय तक सैन्य सेवा का अवसर पुरुषों को ही मिलता रहा। वर्ष 1992 में भारत सरकार ने सेना में महिलाओं को अफसर बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी और इसके बाद थल सेना में अल्पकालिक सेवा आयोग स्कीम द्वारा महिलाओं को दस वर्ष की आवश्यक सेवा के बाद चार साल की अतिरिक्त सेवा का अवसर प्रदान किया जाता है।दस साल की सेवा के बाद इनमें चयनित महिला अफसरों को नियमित पूर्णकालीन सेवा का अवसर भी मिलता है। वर्ष 1992 से लेकर 2023 तक 6,993 महिला अफसर तथा 100 महिलाएं सैनिक के रूप में अब तक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अब अग्निवीर योजना के तहत अकेले नौसेना में एक हजार अग्निवीर महिलाओं की भर्ती की जा रही है।सैन्य सेवा में महिलाओं के प्रदर्शन और लगन को देखते हुए 2023 से उन्हें नियमित स्थायी कमीशन स्कीम के तहत भारतीय रक्षा अकादमी खड़कवासला पुणे में भर्ती किया गया, जहां से वे पुरुषों की तरह ट्रेनिंग पूरी करके भारतीय रक्षा अकादमी देहरादून से पूरी सेवा के लिए अफसर बनेंगी। शुरू में इन्हें थल सेना में लिया जाता था, परंतु कुछ समय बाद ही महिलाओं को वायुसेना तथा नौसेना में भी सेवा का अवसर मिलने लगा है!थल सेना में इन्फेंट्री तथा आर्म्ड कोर (टैंक कोर) दुश्मन से आमने-सामने का युद्ध लड़ती है और युद्ध में कभी-कभी दुश्मन सैनिकों के साथ द्वंद्व युद्ध और हाथापाई तक की नौबत आ जाती है। उल्लेखनीय है कि 1971 के युद्ध में फाजिल्का की सीमा पर भारत के मेजर नारायण सिंह ने पाकिस्तान के मेजर शरीफ के साथ कुश्ती लड़ी थी और कुछ वर्ष पहले 2019 में गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच लाठी-डंडों से युद्ध लड़ा गया था। इसे देखते हुए इन्फेंट्री और आर्म्ड कोर के अलावा सेना के अन्य 11 विभागों-इंजीनियरिंग, सिग्नल, आर्मी सर्विस कोर, आर्मी ऑर्डिनेंस कोर इत्यादि में महिलाओं को अफसर के रूप में सेवा के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं को सैनिक के रूप में आर्मी सर्विस कोर, आर्मी ऑर्डिनेंस तथा मिलिट्री पुलिस इत्यादि में भर्ती हो रही है। वहीं पर वायु और नौसेना की सेवा में दुश्मन से सीधा आमना-सामना न होने कारण इन्हें बिना लैंगिक भेदभाव के हर विभाग में सेवा का पूरा अवसर प्रदान किया जाता है। अब तक थलसेना में 120 महिलाओं को कर्नल के पद के लिए चयनित किया गया है। यह देश के लिए गर्व का विषय है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा विभिन्न देशों में भेजे गए भारत के शांति दलों में 20 फीसदी महिला अधिकारी हैं।सेना में महिलाओं की कॅरिअर प्लानिंग के लिए भारत सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि योजनाबद्ध तरीके से महिला सैनिक अधिकारियों के कॅरिअर की प्रगति पर एक विस्तृत नीति बनाई जा रही है, जिसे 31 मार्च तक तैयार कर लिया जाएगा। इससे महिलाओं के लिए सेना की यूनिटों में कमान संभालने के अवसरों तथा कॅरिअर के लिए विस्तृत प्रणाली उपलब्ध होगी।पिछले साल वृंदावन के वत्सल ग्राम में साध्वी ऋतंभरा ने देश का पहला महिला सैनिक स्कूल स्थापित किया है, जिसका उद्घाटन भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। लड़कों के लिए देश के हर राज्य में सैनिक स्कूल हैं, परंतु लड़कियों को सेना में प्रवेश के लिए तैयार करने वाला वृंदावन में यह पहला स्कूल खोला गया है। ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को सैनिक सेवा के लिए एनसीसी तथा सैनिक और मिलिट्री स्कूलों द्वारा तैयार किए जाने से देश की प्रथम और द्वितीय श्रेणी की सुरक्षा प्रणाली भी मजबूत की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले पीएम मोदी

**बारासात।** पीएम मोदी पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं। पीएम ने बुधवार को उत्तर 24 परगना के बारासात में एक रैली कर ममता बनर्जी पर जबरदस्त हमला बोला। उन्होंने संदेशखाली मामले में भी टीएमसी सरकार को जमकर घेरा। रैली के बाद पीएम ने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात भी की। पीएम नरेंद्र मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की है। उत्तर 24 परगना के बारासात में एक रैली के बाद



पीएम ने महिलाओं से मुलाकात की। बीजेपी नेता ने बताया कि महिलाओं ने प्रधानमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई है। बता दें कि संदेशखाली के मुद्दे पर पीएम ने ममता बनर्जी पर जबरदस्त हमला बोला है।संदेशखाली से कुछ पीड़ित महिलाएं बारासात की रैली में आई थीं। जनसभा खत्म होने के बाद पीएम ने पीड़िताओं से मुलाकात की है। बता दें कि संदेशखाली में टीएमसी नेताओं पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं।राज्य बीजेपी के महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने अधिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्री मोदी ने संदेशखाली की कुछ महिलाओं से मुलाकात की है। महिलाओं ने उन पर हुए अत्याचारों के बारे में बताया।इससे पहले, पीएम ने अपनी जनसभा के दौरान संदेशखाली के मामले में ममता सरकार पर कटाक्ष किया है। मोदी ने कहा कि संदेशखाली में जो हुआ उससे पूरा देश शर्मसार है। टीएमसी ने संदेशखाली में घोर पाप किया है।पीएम ने कहा कि यहां की टीएमसी सरकार को आपके दुख-दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार बंगाल की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है।

# नारी शक्ति वंदन बाइक रैली का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली डीएम चौराहे से होते हुए सब मॉल, सेक्टर -27 पर समाप्त हुई । इस बाइक रैली को महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया जहां महिलाओं ने पूरे ज़ोर शोर से हिस्सा लिया। श्रीमती बिमला बाथम इस बाइक रैली में मुख्य अथिति के रूप में रही और उन्होंने अबकी बार 400 पार के उद्घोष से इस रैली को शुरू किया गया।इस बाइक रैली के द्वारा महिलाओं द्वारा नारी शक्ति का संदेश देते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा महिलाओं के सम्मान में किए गए कार्यों को जनता तक पहुँचाने का कार्य भी किया गया ।बिमला बाथम ने कहा कि इस रैली के द्वारा हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर एक समृद्ध समाज का निर्माण करना है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि और सशक्तिकरण और महिलाओं के कौशल के लिए हमारी सरकार समर्पित है।महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी सहित महिला मोर्चा प्रभारी कुमुद शर्मा, परदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुचित्रा पाठक कक्कड, गीरिजा सिंह, शिवानी शरद, ऊषा किशोर, साइमा चौधरी, आशा पोद्दार, पूनम सिंह, ज्योती सक्सेना, प्रज्ञा पाठक, राजश्री गुप्ता, रेनु शर्मा, नीता बाजपेई, रेखा सिंह, खुशबू चौहान, पुष्पा भट्ट,शारदा सिंघल, मंजू शर्मा, ममता तिवारी आदि महिलाएँ मौजूद रही ।



# आर्य समाज की प्रेरणा से कई सुधार हुए-पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नई दिल्ली केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज के संस्थापक,महान समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं दशमी पर 11 कुण्डीय महायज्ञ डा.जयेन्द्र आचार्य के




ब्रह्मत्व में सांसद प्रवेश वर्मा के निवास 20,विंडसर पैलेस,जनपथ में संपन्न हुआ। दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग उपस्थित थे।मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि आर्य समाज से प्रेरणा पाकर समाज में अनेकों सुधार हुए।आज इस अभियान को और तीव्र गति से चलाने की आवश्यकता हैघ्उन्होंने स्वदेशी और हिन्दी भाषा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।सांसद प्रवेश वर्मा ने स्वामी दयानन्द के आदर्शों को जीवन में धारण करने की अपील कीघ् केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज शिक्षा का किताबी ज्ञान तो बढ़ रहा है लेकिन पाखंड अन्धविश्वास भी बढ़ रहे हैं जिसे आर्य समाज ने जागरूकता अभियान से ठीक करना है। कुरुक्षेत्र से पधारे स्वामी संपूर्णा नन्द ने कहा कि आज भारत देश प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सुरक्षित है।देश विदेश में ख्याति फैल रही है।वैदिक विद्वान डा जयेंद्र आचार्य ने कहा कि महर्षि दयानंद जी के नारी जाति पर असंख्य उपकार हैं,उन्होंने समाज सुधार,नारी शिक्षा व वेदों को पढ़ने पढ़ाने पर बल दिया।बाल विवाह को निषेध किया व सती प्रथा को भी अनुचित ठहराया।उन्होंने विधवा विवाह का समर्थन किया।स्वामी जी का मानना था कि नर नारी सब एक समान है सबको यज्ञ करने का समान अधिकार है।सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता संध्या बजाज ने कहा कि नारी अब अबला नहीं सबला है और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। साध्वी उत्तमायती ने अपनी बेटियों को बहादुर, स्वालम्बी, शिक्षित करने का आह्वान किया, उन्हें ऐसा मजबूत बनाये जिससे वह जिंदगी के रणक्षेत्र में अपने भाग्य निर्माता स्वयं बन सकें।साहित्यकार एवं लेखक आचार्य रवि देव गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वामी दयानन्द सरस्वती के मानस पुत्र स्वामी श्रद्धानंद को हम इसलिए याद करते हैं क्योंकि उन्होंने स्वामी दयानन्द के स्वप्नों को साकार किया था।आज हमें मक्खन की तरह दूध में घुल कर रहना है और यह सब गुरुकुल परम्परा से होगा।इसी से भारत विश्वगुरू होगा।आचार्य संजीव रूप जी बदायूं व पिंकी आर्य के मधुर भजन हुए घ् प्रमुख रूप से आचार्य महेन्द्र भाई, यशोवीर आर्य,देवेन्द्र भगत, प्रवीण आर्य, रामकुमार आर्य, ओम सपरा, राजेश मेहंदीरत्ता ,आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,पार्षद यशपाल आर्य ने भी अपने विचार रखे।समारोह में मुख्य रूप से सर्वश्री डा. प्रमोद सक्सैना,कैप्टन अशोक गुलाटी,राज कुमार भण्डारी,कुसुम भंडारी,प्रेम सचदेवा,अनिता रेलन, प्रकाशवीर शास्त्री, रोहित आर्य, स्वदेश शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, सोनिया संजू, सुशील बाली, वरुण कथूरिया,गंगा शरण आर्य, कृष्णा पाहुजा,माया राम शास्त्री आदि उपस्थित थे ।

### क्या इस एक्ट्रेस के लिए सीएम स्टालिन के बेटे ने दुबई में खरीदा आलीशान घर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिएल्ली।** तमिलनाडु के मंत्री और सीएम स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनपर आरोप है कि उन्होंने मशहूर एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज को दुबई में आलीशान घर खरीदकर दी है। कई रिपोर्ट में दावा किया कि एक्ट्रेस पर उदयनिधि स्टालिन बेसुमार पैसे खर्च कर रहे हैं। इन सभी आरोपों पर एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज ने सफाई दी है सवक्कू शंकर नाम के यूट्यूबर ने दावा किया कि तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक्ट्रेस के लिए दुबई में एक घर खरीदी है इन आरोपों पर सफाई देते हुए एक्ट्रेस ने कहा,ठहाल ही में मुझ पर पैसे खर्च करने की झूठी खबरें चल रही हैं। मैं चुप रही क्योंकि मैंने सोचा कि जो लोग इस बारे में बोल रहे होंगे उनमें थोड़ी मानवता होगी ।

# जुल्फिकार अली भुट्टो को 44 साल पहले मिली थी फाँसी, अब पाक सुप्रीम कोर्ट एस सी बोला- उन्हें नहीं मिली थी निष्पक्ष सुनवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली






भुट्टो, जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी, को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली।पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो जिन्हें 44 साल पहले हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद फांसी दी गई थी को निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली। मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक भुट्टो, जो अब उनके पोते और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा संचालित हैं, को 1979 में दिवंगत जनरल जिया-उल-हक के सैन्य शासन के तहत एक मुकदमे के बाद फांसी दे दी गई थी।मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने फैसले का सीधा प्रसारण करते हुए कहा, हमने नहीं पाया कि निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया की आवश्यकताएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि यह उनकी अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ का सर्वसम्मत निर्णय था।यह फैसला भुट्टो जरदारी के पिता आसिफ अली जरदारी द्वारा 2011 में राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान दायर एक न्यायिक संदर्भ के जवाब में आया था। इसमें पीपीपी संस्थापक को दी गई मौत की सजा पर फिर से विचार करने पर शीर्ष अदालत से राय मांगी गई थी।भुट्टो जरदारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे परिवार ने इन शब्दों को सुनने के लिए तीन पीढ़ियों तक इंतजार किया।लंदन स्थित राजनीतिक टिप्पणीकार और दिवंगत प्रधानमंत्री के करीबी सहयोगी यूसुफ नजर ने कहा, यह जिया के मार्शल लॉ शासन के तहत न्याय के भारी गर्भपात की स्वीकारोक्ति है।

### 1975 में हुई थी आपातकाल की घोषणा, देश के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने थे मोरारजी देसाई

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल की घोषणा की, जिसने मोरारजी देसाई और जयप्रकाश नारायण सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं को



सलाखों के पीछे धकेल दिया। आपातकाल की स्थिति ने प्रेस की स्वतंत्रता और नागरिक स्वतंत्रता पर सीमाएं लगा दीं। हालांकि, मार्च 1977 में इंदिरा गांधी द्वारा नए चुनाव के आह्वान के बाद आपातकाल का दौर खत्म हो गया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल की घोषणा की जिसने मोरारजी देसाई और जयप्रकाश नारायण सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं को सलाखों के पीछे धकेल दिया। आपातकाल की स्थिति ने प्रेस की स्वतंत्रता और नागरिक स्वतंत्रता पर सीमाएं लगा दीं। हालांकि मार्च 1977 में इंदिरा गांधी द्वारा नए चुनाव के आह्वान के बाद आपातकाल का दौर खत्म हो गया। आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया। 41.32 प्रतिशत वोट शेयर के साथ, जनता पार्टी ने भारी जीत हासिल की और 405 सीटों में से 295 सीटों पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस (ओ) ने तीन सीटें जीतीं। कुल 542 सीटों में से जनता पार्टी और उसके सहयोगियों ने 330 सीटें जीती। कांग्रेस पार्टी ने 492 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 34.52 वोट शेयर के साथ केवल 154 सीटें जीती। मोरारजी देसाई 24 मार्च को देश के पहले गैर- कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने। 1977 के लोकसभा परिणाम ने उत्तर बनाम दक्षिण का स्पष्ट विभाजन प्रदर्शित किया। बिहार, उप्र, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी, लेकिन दक्षिण में पार्टी ने अपने सहयोगियों के साथ 154 में से 121 सीटें जीतकर काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

# सुपर ट्यूजडे प्राइमरी इलेक्शन में 11 राज्यों में ट्रंप ने दर्ज की जीत, नवंबर में होगा जो बाइडन से मुकाबला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति कैंडिडेट चुनाव जारी है। राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को देश नामांकन प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की जिससे दोनों उम्मीदवारों की कम लोकप्रियता रेटिंग के बावजूद नवंबर के आम चुनाव को



भर में राज्यव्यापी नामांकन प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की, जिससे दोनों उम्मीदवारों की कम लोकप्रियता रेटिंग के बावजूद नवंबर के आम चुनाव को लेकर एक ऐतिहासिक मुकाबला हुआ। अमेरिका में राष्ट्रपति कैंडिडेट चुनाव जारी है। राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को देश भर में राज्यव्यापी लेकर एक ऐतिहासिक मुकाबला हुआ। रिपब्लिकन पार्टी से डोनाल्ड ट्रंप ने 11 राज्यों में जीत हासिल की है। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी से बाइडन 14 राज्यों में जीते हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को कम से कम 11 सुपर ट्यूजडे राज्यों में रिपब्लिकन प्राथमिक प्रतियोगिताओं में जीतने का अनुमान है।

# पीस कमेटी की बैठक माघ के अंतिम स्नान पर्व शिवरात्रि और शिव बारात के संबंध में सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज, नैनी।** मंगलवार 5 मार्च 2024 को नैनी थाना में पीस कमेटी की बैठक माघ के अंतिम स्नान पर्व शिवरात्रि और शिव बारात के संबंध में सम्पन्न हुई जिसमें पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु यातायात व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में तमाम समाजसेवी लोग व्यापार मंडल के साथ रामजी केसरवानी वरिष्ठ पत्रकार, नागरिक सुरक्षा, एसपीओ और जिला अपराध निरोधक समिति के यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा अपने सदस्यों के साथ उपस्थित रहे पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी



जी ने कई बिंदुओं में बातचीत रखी और सभी उपस्थित जन को आपस में समन्वय स्थापित कर इस पर्व को सकुशल संपन्न कराने को कहा गया और जिसमें आम जनता को कहीं भी कोई गलत गतिविधि होने पर तुरंत नैनी थाना पर या 112 नंबर डायल कर फोन करके तुरंत सूचना देने की हिदायत दी गई।

# लालू यादव के 'कोई परिवार नहीं' वाले तंज पर भड़के अर्जुन मेघवाल, बोले- हम पीएम मोदी के गौरवान्वित परिवार के सदस्य हैं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की आलोचना की, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपनी टिप्पणियों को लेकर विवादों में हैं। लोकसभा चुनाव से पहले ठनो फैमिलीठ के नारे को लेकर बीजेपी और इंडिया ब्लॉक के नेता आमने-सामने हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की आलोचना की।



मंत्री ने कहा राम हमारे देश की आत्मा हैं। जो लोग इस बारे में बात करते हैं वे ही इस तथ्य से अनजान हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले करने से किसी को फायदा नहीं होता है एएनआई से बात करते हुए कानून और न्याय मंत्री ने कहा, राम हमारे देश की आत्मा हैं। जो लोग इस बारे में बात करते हैं वे ही इस तथ्य से अनजान हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और 'परिवारवाद' भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने वाले तीन स्तंभ बन गए हैं और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए इन पर प्रहार करना जरूरी है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा, पीएम नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले करने से किसी को फायदा नहीं होता क्योंकि हम उनके गौरवान्वित परिवार के सदस्य हैं। लालू यादव ने रविवार को पटना में पार्टी की 'जन विश्वास महारैली' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्म के नाम पर सिर्फ नफरत फैलाते हैं। राजद प्रमुख लालू यादव ने कहा, इन दिनों वह वंशवाद की राजनीति की बात कर रहे हैं। आपका (पीएम मोदी) कोई परिवार नहीं है। तुम तो हिंदू भी नहीं हो। जब आपकी माँ की मृत्यु हो गई, तो प्रत्येक हिंदू परंपरा के अनुसार अपनी दाढ़ी और सिर मुंडवा लेता है। तुमने शेव क्यों नहीं की? आप सिर्फ समाज में नफरत फैलाते हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए बने विपक्ष पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने एक दिन पहले कहा था।

# 'पाकिस्तान के आम चुनावों में नहीं हुई कोई गड़बड़ी'

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने देश के आम चुनावों में सेना द्वारा हस्तक्षेप के सभी आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने देश के स्वार्थी तत्वों पर अपने फायदे के लिए दूसरों को बलि का बकरा बनाने और देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने के बाद बड़े स्तर पर नतीजों को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। देश के कई राजनीतिक दलों विशेषकर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सुरक्षा बलों पर इंटरनेट को बंद कर चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया



था। सेना की ओर से जारी बयान में सभी आरोपों को निराधार बताया गया है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने के बाद बड़े स्तर पर नतीजों को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। देश के कई राजनीतिक दलों, विशेषकर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सुरक्षा बलों पर इंटरनेट को बंद कर चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाक के चीफ ऑफ आर्मी चीफ स्टाफ (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर की अध्यक्षता में 263वें कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान सेना पर लगाए गए आरोपों का पूरी तरह से खंडन किया गया है।

# 'मेरे घर का बोरवेल भी सूख गया', बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत; डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी हुए परेशान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में जबरदस्त जल संकट है। आम जनता की बात तो दूर डिप्टी सीएम के घर में भी पानी की किल्लत हो चुकी है। मंगलवार(05 मार्च) को मीडिया से बात करते हुए कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि बेंगलुरु के सभी इलाके जल संकट का सामना कर रहे हैं। इतना कि उनके घर का बोरवेल भी सूख गया है। बेंगलुरु में बारिश की कमी की वजह से बोरवेल सूख गए हैं। सोसाइटीज ने लोगों को पानी के इस्तेमाल में कटौती करने की सलाह दी है। वहीं प्राइवट टेंकर कंपनियां लोगों से मोटे पैसे वसूल रहे हैं। डीके शिवकुमार ने भी निजी कंपनियों की मनमानी पर चिंता जाहिर की। आम जनता की बात तो दूर डिप्टी सीएम के घर में भी पानी की किल्लत हो चुकी है। डिप्टी सीएम ने आगे कहा, कर्नाटक सरकार वादा करती है कि राज्य सरकार किसी भी कीमत पर बेंगलुरु को पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराएगी। प्राइवेट टैंकर कंपनियों की चल रही मनमानी बेंगलुरु में बारिश की कमी की वजह से बोरवेल सूख गए हैं। सोसाइटीज ने लोगों को पानी के इस्तेमाल में कटौती करने की सलाह दी है। वहीं, प्राइवट टेंकर कंपनियां लोगों से मोटे पैसे वसूल रहे हैं। डीके शिवकुमार ने भी निजी कंपनियों की मनमानी पर चिंता जाहिर की।उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पानी की किल्लत को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेकेदातु जलाशय परियोजना को रोकने की वजह से बेंगलुरु में पानी की समस्या बढ़ गई है। केंद्र सरकार ने अभी तक इस परियोजना की मंजूरी नहीं दी है। मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, आरडीपीआर मंत्री सहित अन्य मंत्रियों ने शहर में पानी की किल्लत को लेकर मीटिंग की है।





# पीएम शहबाज ने बेलआउट पैकेज के लिए आईएमएफ से बातचीत का दिया आदेश, बोले- देश की अर्थव्यवस्था सुधारना प्राथमिकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नकदी संकट से जूझ रहे देश के लिए विस्तारित फंड सुविधा प्राप्त करने को आईएमएफ के साथ अधिकारियों को तत्काल बातचीत का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, जिसे जनादेश मिला है पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष के आधिकारिक हैंडल से सोमवार को एक्स पर उर्दू में पोस्ट किया गया कि प्रधानमंत्री शरीफ के शपथ ग्रहण के कुछ घंटों बाद ही देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक करने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा



है कि अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी जिसे जनादेश मिला है। जनवरी में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मौजूदा तीन अरब डॉलर की स्टैंड-बाय व्यवस्था (एसबीए) के तहत 70 करोड़ डॉलर से अधिक की दूसरी किस्त प्राप्त हुई। यह पिछले साल जून में सहमति के आधार पर दी गई थी, जब पाकिस्तान धीरे-धीरे डिफाल्ट की ओर बढ़ रहा था। पाकिस्तान ने पिछले 6.5 अरब डॉलर के आईएमफए बेलआउट पैकेज को पूरा नहीं किया है। इसलिए नई सरकार का पहला काम 1.2 अरब डालर की अंतिम ऋण किस्त प्राप्त करने के लिए वॉशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता के साथ बैठक करना होगा। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के विरुद्ध 10 मार्च को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव में जनादेश की चोरी हुई है। दूसरी ओर, पीटीआई ने आरक्षित सीटों के आवंटन के विरुद्ध चुनाव आयोग के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है। आयोग ने सोमवार को फैसला सुनाया था कि पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआइसी) आम चुनाव के बाद संसद में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आवंटित आरक्षित सीटों के लिए पात्र नहीं है।

# इमरान हाशमी की इस आदत से तंग आ गई थीं पत्नी, सीरियल किसर को दी थी 'तलाक' देने की धमकी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इमरान हाशमी फिल्मी पर्दे के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपने अभिनय से फैंस के दिलों के किंग बनते हुए नजर आ रहे हैं। उन्हें लंबे समय के बाद टाइगर 3 में देखकर उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना नहीं था। के पास साल 2024 में कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वह फिल्मी पर्दे के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी धूम मचाते हुए नजर आएंगे। उनकी वेब सीरीज शो टाइम जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। नेपोटिज्म पर बनी अपनी वेब सीरीज का प्रमोशन करते हुए सीरियल किसर इमरान हाशमी ने बताया कि उनकी पत्नी ने उन्हें तलाक देने की धमकी दी थी। टाइगर 3 के बाद अब उनके हाथ में हिंदी फिल्मों के अलावा भी दो तेलुगु फिल्में हैं और जल्द ही वह करण जौहर के 'धर्मेटिक' प्रोडक्शन में बनी वेब सीरीज 'शो टाइम' में एक बार फिर से 'सीरियल किसर' बनकर तहलका मचाने वाले हैं। अपनी आगामी सीरीज के प्रमोशन के दौरान हाल ही में इमरान हाश्मी ने बताया कि उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया था, जब उनकी पत्नी उनकी एक आदत से इतना ज्यादा परेशान हो गयी थी कि उन्होंने एक्टर को तलाक देने की धमकी तक दे डाली थी।इमरान हाश्मी ने हाल ही में जेनिस सिकेरा से की खास बातचीत में अपनी शादीशुदा जिंदगी के बारे में खुलासा किया और बताया कि उनकी पत्नी उन्हें छोड़ने का विचार कर रही थी। टाइगर 3 एक्टर ने कहा, इमरान हाशमी ने बताया जो उनका परिवार खाता है, वो वह खाना नहीं खाते हैं। एक्टर ने बताया कि यही वजह है कि उनकी पत्नी




उन्हें बार-बार छोड़ने की धमकी देती रहती हैं। टाइगर 3 की रिलीज के बाद से ही इमरान हाशमी के लिए एक बार फिर से बॉलीवुड के द्वार पूरी तरह से खुल चुके हैं और वह निर्देशक-निर्माताओं की लिस्ट में टॉप पर पहुंच चुके हैं। साल 2024 में वह सारा अली खान की फिल्म 'ए वतन मेरे वतन' में कैमियो करते दिखेंगे। इसके अलावा वह दो तेलुगु फिल्मों ऊपब् और में नजर आने वाले हैं। उनकी वेब सीरीज शो टाइम 8 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आ रही है।

# अनुपम खेर की पोस्ट पर कंगना रनोट ने ली चुटका

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड में अपने दम पर धाक जमाने वाले एक्टर अनुपम खेर आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई तरह के रोल कर इंडस्ट्री में अपनी इमेज बनाई है। पिता से लेकर दादा और विलेन तक के किरदार में अनुपम खेर ने अपनी धाक जमाई है। कल




यानी 7 मार्च को उनका बर्थ डे है। अनुपम खेर ने खुद ही अपने बर्थ डे की अनाउंसमेंट की है, लेकिन इस वीडियो पर कंगना रनोट के कमेंट ने सबका ध्यान खींचा है। बॉलीवुड के दिग्गज और वर्सटाइल एक्टर ने फिल्म इंडस्ट्री में लंबा सफर तय किया है। पिता से लेकर दादा तक के रोल में अनुपम खेर ने अपनी वर्सटालिटी साबित की है। इतना ही नहीं वह विलेन के रोल में भी खूब चंज कर सामने आए हैं। 7 मार्च को अनुपम खेर का बर्थ डे है। उन्होंने जन्मदिन की अनाउंसमेंट की जिस पर कंगना के रिएक्शन ने ध्यान खींचा। अनुपम खेर हर साल अपने बर्थ डे पर कुछ नया और हटकर करना पसंद करते हैं। ग्लैमर की चकाचौंध से दूर वह अनुपम अपने जन्मदिन पर सादगी भरी जिंदगी का आनंद जरूर लेते हैं। अगर ये न ह, तो वह कुछ नया सीखने की ललक जरूर रखते हैं। कभी स्विमिंग सीखते हुए, तो कभी कोई एक्टिविटी करते हुए, अनुपम हर साल अपना बर्थ डे इसी तरह बिताते हैं। इस बार भी वह कुछ नया करने वाले हैं। इंस्टाग्राम पर अनुपम खेर ने वीडियो पोस्ट कर बताया कि हर साल की तरह इस साल भी अपने बर्थ डे पर वह कुछ नया करेंगे। यह जो भी होगा, उन्हें उम्मीद है कि इसकी जर्नी खूबसूरत होगी। अनुपम ने कहा कि वह इसकी अनाउंसमेंट कल (7 मार्च) को करेंगे। इस वीडियो पर फैंस ने ढेरों कमेंट किए, लेकिन सबसे मजेदार कमेंट कंगना रनोट का रहा, जिस पर यूजर्स की नजर गई। इस वीडियो पर 'धाकड़' एक्ट्रेस कंगना ने कमेंट किया, 'सारे सेक्सी लोग मार्च में पैदा हुए हैं...।' बता दें कि एक्ट्रेस का बर्थ डे 23 मार्च को है। इसलिए कंगना ने अनुपम खेर के वीडियो पर ऐसा कमेंट किया। एक्ट्रेस के इस कमेंट पर यूजर्स ने खूब मजे लिए। वहीं, जिनका बर्थ डे मार्च में ही होता है।

# रियल लाइफ 'श्रीवल्ली' पर अल्लू अर्जुन ने जमकर लुटाया प्यार, वेडिंग एनिवर्सरी पर शेयर की अनसीन फोटो

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन साउथ सिनेमा के वो कलाकार हैं, जिनकी फिल्में देखना फैंस को काफी पसंद आता है। पुष्पा (झ्लेर्र्फ्जे) मूवी के जरिए



उन्होंने प्रशंसकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है। एक्टर की पर्सनल लाइफ के बारे में जानने के लिए उनके चाहने वाले काफी क्रेजी रहते हैं।साउथ सिनेमा के पुष्पा यानी अल्लू अर्जुन हर किसी के फेवरेट माने जाते हैं। उनसे जुड़ी हर छोटी बड़ी अपडेट जानने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड रहते हैं। आज अल्लू अर्जुन और उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी की 13वां वेडिंग एनिवर्सरी है और इस खास मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर अनसीन फोटो शेयर किया है। इस बीच आज अल्लू अर्जुन और उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी की शादी की सालगिरह है। 13वीं वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर उन्होंने वाइफ पर जमकर प्यार लुटाते है, अनसीन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। शादी की सालगिरह के खास अवसर पर अल्लू अर्जुन ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर लेटेस्ट ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने अपनी और वाइफ स्नेहा रेड्डी के साथ कुछ शानदार तस्वीरों को शामिल रखा है। इनमें से एक फोटो इनकी शादी के दिन की है, जब अभिनेता अपनी पत्नी को मंगलसूत्र पहनाते हुए नजर आ रहे हैं और एक अन्य में ये ब्यूटीफुल कपल एक साथ दिख रहा है। इन तस्वीरों के साथ अल्लू ने लिखा है- सालगिरह मुबारक हो प्यारी, अब 13 साल पूरे हो गए हैं, आपकी कंपनी की वजह से मेरी काफी तरक्की हुई है। आपकी शांति मुझे ऊर्जा प्रदान करती है, जो समय के अंत तक या उसके बाद तक रहे। इस तरह से जीवन के इस दिन को याद को करते हुए अल्लू अर्जुन ने अपनी लेडी लव स्नेहा यानी रियल लाइफ श्रीवल्ली पर प्यार बरसाया है। बता दें कि साल 2011 में अल्लू अर्जुन और स्नेहा रेड्डी ने शादी रचाई थी। अल्लू अर्जुन को बड़े पर्दे पर वापसी करता हुए देखने के लिए फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कुछ समय बाद एक्टर पुष्पा अवतार में नजर आएंगे। उनकी अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

# 'मामा की वजह से मुझे कृष्णा अभिषेक ने गोविंदा को लेकर कही ऐसी बात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक अक्सर अपने मामा गोविंदा संग झगड़े को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। पिछले कई सालों से उनके और बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा के बीच अनबन चल रही है। कृष्णा कई बार कॉमेडी करने के चक्कर में नेशनल टीवी पर अपने मामा पर ही जोक मामा गोविंदा को लेकर दिल खोलकर बात की और बताया कि आज उन्हें जो आदर मिला है, वह सुपरस्टार की ही देन है कृष्णा अभिषेक अपनी खास दोस्त और कॉमेडी पार्टनर भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने शुरूआती शोज के बारे में बात की, लेकिन




क्रैक कर चुके हैं।जल्द ही कपिल शर्मा के साथ मिलकर एक बार फिर से दर्शकों को गुदगुदाने के लिए तैयार हैं। जब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रोमो रिलीज हुआ था तो उसमें भी गोविंदा के नाम का जिक्र हुआ था। अब हाल ही में एक लंबे समय बाद कृष्णा अभिषेक ने गोविंदा को लेकर कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर आप हैरानी में पड़ जाएंगे। अब उन्होंने कुछ ऐसा कहा है जिसे सुनकर आप बिल्कुल हैरान हो जाएंगे। उन्होंने एक लंबे समय के बाद बातों-बातों में वह अपने मामा गोविंदा के शुक्रगुजार होना नहीं भूले। कृष्णा अभिषेक ने कह इस दौरान उन्होंने अपने शुरूआती शोज के बारे में बात की, लेकिन बातों-बातों में वह अपने मामा गोविंदा के शुक्रगुजार होना नहीं भूले। कृष्णा अभिषेक ने कहा, कृष्णा अभिषेक के शोज की बात करें तो वह जल्द ही कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के साथ शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आने वाले हैं। इसके प्रोमो में भी गोविंदा के नाम का जिक्र हुआ था।

# अनंत अंबानी ने अंबानी की पार्टी से शेयर किया सेलेब्स का फनी वीडियो, स्टार्स की हरकत देख छूट जाएगी हंसी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडंग फंक्शन खत्म हो गया है। फिर भी सोशल 1 से 3 मार्च तक चले थे। दिलजीत दोसांझ ने दूसरे दिन पार्टी ज्वाइन की थी। उन्होंने स्टेज पर परफॉर्म भी किया था। अनंत अंबानी और वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा, अब सभी को व्लॉग बनाना बंद कर सकते हैं, क्योंकि दिलजीत दोसांझ जैसा काम कोई




मीडिया पर अंबानी की ये पार्टी चर्चा में बनी हुई है। अब पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने राधिका और अनंत के प्री- वेडिंग से एक मजेदार वीडियो शेयर किया है,जिसमें उन्होंने सेलेब्स के मनी मोमेंट कैद किए हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन में बॉलीवुड स्टार्स के साथ पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ भी शामिल हुए थे। उन्होंने पार्टी में स्टेज परफॉर्मेंस भी दी थी। जिसके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। अब दिलजीत दोसांझ ने सेलेब्स का एक नया वीडियो शेयर किया है जो बेहद मजेदार है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन के दौरान दिलजीत दोसांझ की परफॉर्मेंस को स्टार्स ने खूब एंजॉय किया था। सोशल मीडिया पर उनके कई वीडियो भी वायरल हुए थे। अब सिंगर ने अपना वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शाह रुख खान, कटरीना कैफ, कियारा आडवाणी से लेकर फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट तक किसी को नहीं बख्शा। दिलजीत दोसांझ ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन के इस वीडियो को वॉइस ओवर दिया है। पंजाबी में सिंगर ने लगभग सभी सेलेब्स पर मजेदार कमेंट किए है। दिलजीत के फैंस को उनका ये वीडियो खूब पसंद भी आ रहा है। सिंगर के नहीं कर सकता। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया- दुनिया में होंगे बड़े-बड़े रॉकस्टार,अपना तो सिर्फ दिलजीत दोसांझ है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री- वेडिंग से दिलजीत दोसांझ और करीना कपूर का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। वीडियो में स्टेज पर परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर के साथ करीना कपूर नजर आ रही हैं। जहां दिलजीत ने एक्ट्रेस की तारीफ करते हुए पंजाबी में कहा कि होंगी रिहाना और बियांसे, लेकिन हमारी तो सब करीना कपूर ही हैं। इसके बाद सिंगर ने करीना के लिए प्रॉपर पटोला गाना भी गाया और एक्ट्रेस ने अपने डांस मूव्स दिखाए।

# 'जन्नत में नौकर बनने से अच्छा नर्क में राजा बनो', वेब सीरीज 'लुटेरे' का रोमांचक ट्रेलर रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** ओटीटी के दौर में थ्रिलर का दौर काफी अधिक बढ़ गया है। अक्सर ऐसी सीरीज सामने



आती रहती हैं, जिनकी कहानियों का प्लॉट क्राइम, सस्पेंस, हॉरर और स्कैम होता है। इस कड़ी में अब अगला नाम फिल्ममेकर हंसल मेहता और उनके बेटे जय मेहता की अपकमिंग वेब सीरीज लुटेरे का जुड़ रहा है। लंबे वक्त से इस सीरीज को लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म रोमांचक वेब सीरीज का ट्रेंड दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है। आने वाले समय में डिज्नी प्लस हॉटस्टार एक और शानदार वेब सीरीज लुटेरे लेकर आ रहा है। काफी समय से रजत कपूर और आमिर अली स्टारर इस सीरीज की चर्चा चल रही है। इस बीच लुटेरे का लेटेस्ट ट्रेलर मेकर्स की तरफ से रिलीज कर दिया गया है। इस बीच रजत कपूर और आमिर अली स्टारर लुटेरे का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। आइए एक नजर इस वेब सीरीज के लेटेस्ट ट्रेलर पर डालते हैं। डायरेक्टर हंसल मेहता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को वो निर्देशक हैं, जिन्होंने वेब सीरीज स्कैम 1992, अलीगढ़ और शाहिद जैसी कई शानदार वेब सीरीज और फिल्में बनाई हैं। अपने पिता की तरह अब उनके बेटे जय मेहता भी फिल्म मेकिंग की दुनिया में अपना हुनर दिखाने के लिए तैयार हैं। जय के डायरेक्शन में बनी वेब सीरीज लुटेरे का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब लुटेरे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर जारी किया गया है। सीरीज के टाइटल से आपको ये मालूम पड़ रहा होगा कि उसकी कहानी किसी लूट से संबंधित है। दरअसल इस ट्रेलर में समुद्री लुटेरे के जरिए भारतीय शिप की लूट और कब्जा दिखाया गया है। लेकिन लूट के बाद कई ऐसे उतार-चढ़ाव आते हैं जो लुटेरे को रोमांचक बनाते हैं। रजत कपूर, आमिर अली, विवेक गोम्बर, अमृता खानविलकर और चंदन रॉय सान्याल जैसे कलाकार इसमें अहम किरदारों में मौजूद हैं। वेब सीरीज लुटेरे का ट्रेलर देखने के बाद इसके लिए फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है और हर कोई इसकी रिलीज का इंतजार कर रहा है। मालूम हो कि 22 मार्च को लुटेरे की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर की जाएगी।

# आर सी 16 के अलावा जानवी कपूर का एक और धमाका, राम चरण की फिल्म के बाद जूनियर एनटीआर की 'देवरा' से आया नया पोस्टर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की खूबसूरत गर्ल जाह्नवी कपूर आज अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं। इस स्पेशल डे पर उन्हें फैंस और फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से ढेर सारी बधाईयां मिल रही हैं। इतना ही नहीं, बल्कि जाह्नवी के बर्थ डे पर उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट से कुछ बड़ी अनाउंसमेंट भी हो रही है। बी टाउन की अदाकारा की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। आज एक्ट्रेस का बर्थ डे है और ऐसे में उन्हें ढेरों विशेज मिल रही हैं। हाल ही में जाह्नवी की एंट्री राम चरण की फिल्म आरसी16 में कन्फर्म की गई। इस मूवी से अनाउंसमेंट के बाद अब जाह्नवी का एक और अपकमिंग फिल्म देवरा से पोस्टर सामने आया है। बॉलीवुड में धाक जमाने वालीं जाह्नवी कपूर को फिल्म फ्रैटर्निटी से ढेरों बधाई मिल रही है। उनके बर्थ डे पर साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है। जाह्नवी की एंट्री 'आरसी 16' में कन्फर्म हो गई है। मगर फैंस के लिए एक और गुड न्यूज है। जाह्नवी की एक और अपकमिंग साउथ फिल्म 'देवरा' से उनका न्यू लुक सामने आ चुका है 'देवरा' टीम की ओर से जाह्नवी कपूर को एक्स प्लेटफॉर्म (ट्विटर) पर विश किया गया है। उन्होंने एक्ट्रेस का न्यू लुक दिखाते हुए 'थंगम' को विश किया है। इस लुक में जाह्नवी साइड पोज दिए कैमरे की ओर देखती और मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। जाह्नवी फिल्म में गांव की लड़की का रोल कर रही हैं, इसलिए उनका लुक भी सिंपल रखा गया है फिल्म से जाह्नवी का नया लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगा। वहीं, एक्ट्रेस ने फोटो पर रिएक्ट करते हुए लिखा कि मैं सेट पर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती आर16' और 'देवरा' के अलावा जाह्नवी की झोली में बॉलीवुड की भी कुछ फिल्में हैं। फैंस उन्हें राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में और वरुण धवन के साथ 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आएंगी।




# करिश्मा कपूर की कातिल अदाओं के बीच 'किलर' ढूंढ रहे पंकज त्रिपाठी, सारा बढ़ा रहीं सस्पेंस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 90 के दशक की टॉप अदाकाराओं में से एक करिश्मा कपूर जल्द ही ओटीटी फिल्म मर्डर



मुबारक जरिए कमबैक करने को तैयार हैं। लंबे समय से इस फिल्म का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है और अब मर्डर मुबारक का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। बहुत जल्द ओटीटी फिल्म मर्डर मुबारक के जरिए वापसी करने को तैयार हैं। लंबे समय से एक्ट्रेस का इस मूवी को लेकर सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है जिसमें करिश्मा का एक नया अंदाज देखने को मिल रहा है। दूसरी ओर पंकज त्रिपाठी पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आ रहे हैं। सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर आपका भी दिमाग घूम जाएगा और आप इस मूवी की रिलीज के लिए बेताब हो जाएंगे। आइए एक नजर मर्डर मुबारक के इस शानदार ट्रेलर पर डालते हैं। निर्माता दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म बैनर तले बनी मर्डर मुबारक फिल्म को लेकर बीते दिनों से काफी बात हो रही है। एक्टिंग की दुनिया में करिश्मा कपूर के कमबैक के तौर इस मूवी को देखा जा रहा है। सोमवार को मेकर्स की तरफ से इस बात की जानकारी दी गई थी कि मंगलवार 5 मार्च को मर्डर मुबारक को ट्रेलर रिलीज किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।